नई दिल्ली
नई दिल्ली, बुधवार 6 नवंबर 2019
कार्तिक मास शुक्ल पक्ष, नवमी वर्ष : 23, अंक : 230
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00 *

मौसम
अधि. 31.0
न्यून. 14.3

हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

11 निशानेबाजी दीपक को ओलंपिक कोटा

खबर संक्षेप

आईईडी विस्फोट में पांच पुलिसकर्मी, नागरिक घायल

इम्फाल। मणिपुर की राजधानी इम्फाल में मंगलवार को एक देशी बम विस्फोट में पांच पुलिस कमांडो सहित छह लोग घायल हो गए। विस्फोट सुबह 9.30 बजे थांगल बाजार में हुआ जिससे कुछ वाहनों को भी नुकसान पहुंचा। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने कहा कि देशी बम धमाका एक कायरना हरकत है। उन्होंने कहा कि यह उन लोगों की प्रतिक्रिया है जो पिछले ढाई सालों में शांति दिशा में बदलाव नजर आने से कुंठित और निराश हो गये हैं। मुख्यमंत्री ने विस्फोट स्थल का निरीक्षण किया और वह अस्पताल में घायलों से भी मिले। सभी छह घायलों की स्थिति कथित रूप से स्थिर है।

पाक ने फिर किया संघर्षविराम का उल्लंघन

जम्मू। पाकिस्तानी रेंजरों ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर संघर्षविराम का एक बार फिर उल्लंघन किया और पुंछ जिले में अग्रिम चौकियों पर छोटे हथियारों से गोलीबारी की। रक्षा प्रवक्ता ने बताया कि भारतीय सेना ने भी इसका माकूल जवाब दिया। उन्होंने कहा कि सुबह सात बजकर 40 मिनट पर पाकिस्तानी सेना ने संघर्षविराम का अकारण उल्लंघन किया और पुंछ जिले के किरनी सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर छोटे हथियारों से गोलीबारी की। सुबह करीब आठ बजे गोलीबारी बंद हुई।

शशिकला की 1500 करोड़ की बेनामी संपत्ति जब्त

चेन्नई। एआईएडीएमके की पूर्व महासचिव वीके शशिकला के खिलाफ आयकर विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। आयकर विभाग के अधिकारियों ने शशिकला की 1500 करोड़ रुपए की संपत्ति को जब्त कर लिया है। ये कार्रवाई बेनामी लेनदेन (निषेध) अधिनियम के प्रावधानों के तहत हुई है। तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत जे जयललिता की लंबे समय तक मित्र रहीं शशिकला भ्रष्टाचार मामले में चार साल जेल की सजा काट रही हैं। शशिकला फरवरी 2017 से जेल में बंद हैं।

पराली जलाने पर 29 किसानों पर जुर्माना

मुजफ्फरनगर। पराली जलाने पर पड़ोसी शामली जिले में 29 किसानों पर जुर्माना लगाया गया है। अतिरिक्त जिलाधिकारी अरविन्द सिंह ने पत्रकारों से कहा कि पराली जलाने को लेकर किसानों को आगाह किया गया था। उल्लेखनीय है कि पराली जलाने से प्रदूषण में वृद्धि होती है और यह इस समय एक बड़ा मुद्दा बना हुआ है। पड़ोसी राज्यों में पराली जलाने की वजह से राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में वायु गुणवत्ता बेहद खराब बताई जा रही है।

नजरिया

तीस हजारी कोर्ट में हुई झड़प के बाद अधिकारियों की बेरुखी और न्याय न मिलता देख लामबंद हुए दिल्ली पुलिसकर्मी

सीपी पटनायक समेत कई आला अफसर सुबह से समझाते रहे...आश्वासन देते रहे...शाम 7 बजे बनी बात

11 घंटे तक अपने ही मुख्यालय को घेरे खड़े रहे पुलिसवाले, मांगें मानीं तब हटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस के इतिहास में पहली बार मंगलवार को दिल्ली पुलिसकर्मियों ने ही प्रदर्शन करते हुए अपना मुख्यालय घेर लिया।

वकीलों और पुलिस के बीच तीस हजारी कोर्ट में हुए हालिया विवाद और उसके बाद अलग-अलग घटनाओं में पुलिसवालों के साथ हुई मारपीट से आक्रोशित दिल्ली पुलिस के कांस्टेबल से लेकर इंस्पेक्टर स्तर तक के कर्मी धरना-प्रदर्शन करते हुए न्याय की मांग को लेकर लामबंद हो गए। आईटीओ स्थित पुलिस मुख्यालय के गेट पर सुबह हालांकि तादाद कम थी लेकिन शाम होते-होते हजारों पुलिसकर्मी और उनके परिजन वहां आ डटे। प्रदर्शन खत्म करने की और तमाम आश्वासन देते हुए आला अधिकारियों कर अपील अनसुनी हुई तो पुलिस आयुक्त अमूल्य पटनायक खुद अपील करने आए पर नारेबाजी के बीच प्रदर्शनकारी टस से मस नहीं हुए। आखिरकार गृहमंत्रालय एक्टिव हुआ। रिपोर्ट मांगी गई। उपराज्यपाल ने मीटिंग बुलाई। रात 7 बजे प्रदर्शनकारियों को संदेश दिया गया कि उनकी सभी मांगे मान ली गई हैं,तब जाकर प्रदर्शन खत्म हुआ।

वकीलों द्वारा अपने खिलाफ मारपीट से आक्रोशित सैकड़ों पुलिसकर्मियों ने दिल्ली पुलिस मुख्यालय के बाहर अभूतपूर्व धरना-प्रदर्शन किया। हालांकि अपनी ज्यादातर मांगों के माने जाने के आश्वासन मिलने और पुलिस के आला अधिकारियों के लगातार समझाने-बुझाने के बाद प्रदर्शनकारी पुलिसकर्मी धरना खत्म करने को सहमत हुए।

खास बातें

- आईटीओ स्थित पुलिस मुख्यालय के गेट पर सुबह से लेकर शाम तक हजारों पुलिसकर्मी और उनके परिजन डटे रहे
- आला अफसरों की नहीं सुनी तो गृहमंत्रालय हुआ एक्टिव
- उपराज्यपाल बैजल ने ली अधिकारियों से रिपोर्ट
- दिनभर फूले रहे अधिकारियों के हाथ-पैर
- आखिरकार मांगें मानने पर बनी सहमति

शाह से मिले गृह सचिव

गृह सचिव अजय भल्ला केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिले। उन्होंने पुलिस और वकीलों के बीच हुए हिंसक झड़प मामले की जानकारी अमित शाह को दी है। साथ ही दिल्ली पुलिस मुख्यालय पर चल रहे प्रदर्शन से भी अवगत कराया। वहीं दिल्ली पुलिस ने वकील-पुलिस झड़प की रिपोर्ट गृह मंत्रालय को दे दी है। गृह मंत्रालय ने दिल्ली में हुई वकील पुलिस झड़पों पर एक रिपोर्ट मांगी थी। दिल्ली पुलिस ने साथ अब तक इस मामले में पुलिस द्वारा उठाए गए कदमों की भी जानकारी गृहमंत्रालय को दी है।

बार काउंसिल ने लिखा पत्र

बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने बार संगठनों को पत्र लिखकर 'उपद्रव करने वाले' वकीलों की पहचान करने का अनुरोध किया है। बार काउन्सिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष ने वकीलों से अपना विरोध खत्म करने का आग्रह किया है। काउंसिल के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा ने एक पत्र में कहा है कि इस तरह के 'उपद्रवी तत्वों' को बख्शने की वजह से संस्थान की छवि खराब हो रही है।

प्रदर्शन से केंद्र नाराज

अधिकारियों ने बताया कि जिस तरह सर्विस रूल्स का उल्लंघन कर दिल्ली के पुलिसकर्मियों ने विरोध-प्रदर्शन किया, उससे केंद्र सरकार नाराज लग रही है। हालांकि, उसकी पुलिसकर्मियों के साथ सहानुभूति भी है। पुलिसकर्मियों के प्रदर्शन के बाद केंद्र सरकार के बीच ऐसी राय कायम हो रही है कि दिल्ली पुलिस का नेतृत्व स्थिति को नियंत्रित करने में नाकाम रहा। इससे पब्लिक परसेप्शन अच्छी नहीं बनी। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली पुलिस के कुछ आला अफसरों पर जल्द ही गाज गिर सकती है।

चार मांगों पर सहमति के बाद खत्म हुआ प्रदर्शन

1. पुलिसकर्मी सस्पेंड किए गए साथियों की बहाली की मांग कर रहे थे। इस पर सीनियर अफसरों और एमएचए के अधिकारियों ने तय किया कि 3 नवंबर की तीस हजारी कोर्ट की घटना पर हाई कोर्ट के आदेश पर रिव्यू पिटिशन डाली जाएगी। 2. घायल पुलिसकर्मियों को 25 हजार रुपये मुआवजा देना तय हुआ है। 3. घायल पुलिसकर्मियों के उचित इलाज की मांग थी जिसे स्वीकार किया गया है। सभी पुलिसकर्मियों के इलाज का खर्च पुलिस खुद उठाएगी। 4. आरोपी वकीलों पर कार्रवाई की मांग थी जिस पर साकेत मामले में उचित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर उचित कार्रवाई की बात कहीं गई है।

हाईकोर्ट में आज होगी सुनवाई

पुलिस-वकील भिड़ंत मामले में आज (बुधवार) को दिल्ली हाई कोर्ट में सुनवाई होगी। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर 3 नवंबर के उसके आदेश में संशोधन की मांग की है। इसके अलावा आज दिल्ली पुलिस भी हाई कोर्ट में रिव्यू पिटिशन दाखिल कर सकती है। हाई कोर्ट ने रविवार को मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए न्यायिक जांच का आदेश दिया था। इसके अलावा कोर्ट ने तीस हजारी कांड में जिन वकीलों के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई हैं, उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई न करने का आदेश दिया था। गृह मंत्रालय ने अपनी याचिका में मांग की कि अदालत अपना आदेश बदले और 3 नवंबर के बाद की घटनाओं पर यह लागू न हो। चीफ जस्टिस डी. एन. पटेल और जस्टिस सी. हरिशंकर की पीठ ने केन्द्र की याचिका पर नोटिस जारी किया और वकीलों के शीर्ष निकाय बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) और राष्ट्रीय राजधानी की कई अन्य बार असोसिएशनों से जवाब मांगा।

महाराष्ट्रः फिलहाल समाधान दूर

फड़णवीस के घर हुई सरकार गठन पर चर्चा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के 13 दिन बाद भी महाराष्ट्र सरकार गठन को लेकर स्थिति साफ नहीं है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के घर मंगलवार को हुई बैठक के बाद प्रदेश भाजपा अध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल ने कहा कि जनता ने भाजपा-शिवसेना गठबंधन को जनादेश दिया है। हमने शिवसेना को प्रस्ताव भेजा है और हमें उनकी तरफ से कोई प्रस्ताव नहीं मिला है। हम अगले 24 घंटे तक उनके जवाब का इंतजार करेंगे। हमारे दरवाजे खुले हैं। वहीं राकांपा प्रमुख शरद पवार और संजय राउत की मुलाकात के बाद चर्चा है कि शिवसेना और राकांपा मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश कर सकते हैं। इसमें 8 निर्दलीय विधायक भी शामिल हो सकते हैं। कांग्रेस इन्हें बाहर से समर्थन कर सकती है। इस बारे में आधिकारिक तौर पर कोई बयान नहीं आया है।

राउत बोले- महाराष्ट्र का अगला मुख्यमंत्री शिवसेना से होगा

महाराष्ट्र में सरकार गठन को लेकर जारी गतिरोध के बीच शिवसेना के वरिष्ठ नेता संजय राउत ने मंगलवार को कहा कि राज्य का अगला मुख्यमंत्री उनकी पार्टी से ही होगा। राउत ने कहा कि महाराष्ट्र की राजनीति बदल रही है और न्याय की खातिर लड़ाई में उनकी पार्टी की ही जीत होगी। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा कि महाराष्ट्र के बारे में फैसला महाराष्ट्र में ही लिया जाएगा, मुख्यमंत्री शिवसेना से ही होगा।

शिवसेना नेता बोले- गडकरी दो घंटे में सुलझा देंगे मामला

शिवसेना नेता किशोर तिवारी ने आरएसएस प्रमुख को पत्र लिखा है। उन्होंने अपने खत में बातचीत के लिए नितिन गडकरी को भेजने की सलाह दी है। महाराष्ट्र में सरकार गठन पर किशोर तिवारी ने कहा कि मैंने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को बातचीत शुरू करने के लिए पत्र लिखा है। पत्र में मैंने नितिन गडकरी को भेजकर बातचीत शुरू करने की पेशकश की है। नितिन गडकरी दो घंटे में मामला सुलझा देंगे।

राष्ट्रपति का फैसला

आप के 11 विधायकों को अयोग्य ठहराने वाली याचिका खारिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने दिल्ली सरकार के अधीन आने वाले दिल्ली डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी (डीडीएमए) में को-चेयरमैन के पद पर आम आदमी पार्टी (आप) के 11 विधायकों को कथित तौर पर लाभ का पद संभालने के लिए अयोग्य ठहराए जाने की याचिका को खारिज कर दिया है। इन विधायकों की अलग-अलग 11 जिलों की डीडीएमए में नियुक्ति हुई थी। राष्ट्रपति ने इस बारे में चुनाव आयोग द्वारा दी गई राय के बाद यह निर्णय लिया है। आप के 11 सदस्यों को अयोग्य ठहराने के लिए अधिवक्ता एवं आरटीआई कार्यकर्ता विवेक गर्ग ने गत 17 मार्च 2017 को याचिका लगायी थी। उन्होंने अपनी याचिका में कहा था कि डीडीएमए एक्ट 2005,भारत के संविधान और दिल्ली सरकार अधिनियम 1991 में को-चेयरमैन के पद का कोई प्रावधान ही नहीं है फिर भी उक्त 11 विधायकों ने डीडीएमए में अनधिकृत रूप से को-चेयरमैन का पद ह ासिल किया जो ऑफिस ऑफ प्रोफिट की परिभाषा में आता है। साथ ही उनको स्टाफ,कार,ऑफिस और कैंप ऑफिस, निवास और टेलिफोन-यात्रा भत्ते दिये जाने का भी कोई प्रावधान नहीं है। जिन 11 विधायकों को राहत मिली उनमें बुराड़ी से विधायक संजीव झा, लक्ष्मी नगर से विधायक नितिन त्यागी, जंगपुरा से विधायक प्रवीण कुमार, आदर्श नगर से पवन कुमार शर्मा, वजीरपुर से राजेश गुप्ता, घोंडा से दत्त शर्मा, रोहताश नगर से सरिता सिंह, संगम विहार से दिनेश मोहनिया, ओखला से अमानतुल्लाह खान, नजफगढ़ से विधायक कैलाश गहलोत और तिलक नगर से जरनैल सिंह शामिल हैं।

सत्यमेव जयते : केजरीवाल

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने राष्ट्रपति भवन से जारी आदेश की प्रति को ट्वीट करते हुए लिखा कि सत्य की हमेशा जीत होती है। इस मामले में भी ऐसा ही हुआ।

रक्षा मंत्री के साथ बैठक में बैकफुट पर पाक पीएम

विपक्ष के आगे झुके इमरान, इस्तीफे को छोड़ सभी मांग मानने को तैयार

एजेंसी ▶▶ कराची

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान विपक्ष की सभी मांगे मानने को तैयार हो गए हैं लेकिन वो अपने पद से इस्तीफा नहीं देंगे। इमरान खान ने मंगलवार को कहा कि वह अपने इस्तीफे के अलावा मौलाना फजलुर रहमान के नेतृत्व में 'आजादी मार्च' के प्रदर्शनकारियों की सभी 'वैध' मांगों को स्वीकार करने के लिए तैयार हैं।

प्रधानमंत्री खान ने कथित तौर पर रक्षा मंत्री परवेज खट्टक के नेतृत्व वाली टीम के साथ एक बैठक में यह टिप्पणी की कि विपक्षी दलों ने इस्लामाबाद में हजारों प्रदर्शनकारियों के साथ बड़े पैमाने पर मार्च में हिस्सा लेने का काम किया। जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम फजल (जेयूआई-एफ) के नेता बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे हैं, जो मंगलवार को पांचवें दिन में प्रवेश कर गया।

- प्रधानमंत्री खान ने कथित तौर पर रक्षा मंत्री परवेज खट्टक के नेतृत्व वाली टीम के साथ एक बैठक में की टिप्पणी

'आजादी मार्च' में प्रदर्शनकारियों ने इमरान खान के इस्तीफे की मांग करते हुए 2018 के आम चुनावों में धांधली का आरोप भी लगाया।

पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) सहित विपक्षी दल सरकार विरोधी रैली के बहाने अपना वजन बढ़ाने में लगे हैं।

लाखों लोग प्रदर्शन में ले चुके हैं भाग

बैठक के कुछ घंटे बाद पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी शुजात हुसैन के नेतृत्व में दूसरा सरकारी प्रतिनिधिमंडल भी मांगों पर चर्चा करने के लिए जेयूआई-एफ प्रमुख से मिला था। अधिकारियों के अनुसार, 31 अक्टूबर को आजादी मार्च के इस्लामाबाद पहुंचने के बाद लाखों लोग सरकार विरोधी प्रदर्शन में भाग ले चुके हैं।

एक हजार भारतीय सिख पहुंचे पाक

करतारपुर साहिब गुरुद्वारे में सोने की पालकी स्थापित

एजेंसी ▶▶ लाहौर

करतारपुर गलियारे के उद्घाटन से पहले भारत से बड़ी संख्या में सिखों ने पाकिस्तान स्थित करतारपुर साहिब गुरुद्वारा के दर्शन किए और इस तीर्थ स्थल में सोने की एक पालकी स्थापित की। ननकाना साहिब में गुरु नानक देव की 550वीं जयंती समारोह में शामिल होने पाकिस्तान गए 1100 सिखों में से ज्यादातर ने गुरुद्वारा दरबार साहिब करतारपुर की यात्रा की, जिसे करतारपुर साहिब के नाम से जाना जाता है। उनके साथ पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के राज्यपाल चौधरी सरवर भी मौजूद थे। इन तीर्थयात्रियों ने गुरुद्वारे में अपने साथ लाई गई सोने की पालकी स्थापित की। राज्यपाल ने कहा कि करतारपुर गलियारे को निर्धारित समय में पूरा किया गया है और इससे दोनों देश करीब आएंगे। गुरु नानक देव की 550वीं जयंती 12 नवंबर को है और इससे पहले नौ नवंबर को करतारपुर गरियारे का उद्घाटन किया जाएगा। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान इस गलियारे का उद्घाटन करेंगे।

- 12 को है गुरुनानक देव जी की 550 वीं जयंती
- नौ नवंबर को करतारपुर गलियारे का होगा उद्घाटन
- भारतीय सिखों के साथ पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के राज्यपाल चौधरी सरवर भी थे मौजूद

विदेशी सिखों को लेना होगा अनापत्ति प्रमाणपत्र

इस बीच पाकिस्तान सरकार ने फैसला किया है कि भारतीय नागरिकों के अलावा विदेशी सिखों को करतारपुर साहिब के दर्शन कराने के लिए यात्रा संचालकों गृह मंत्रालय से अनापत्ति प्रमाणपत्र लेना होगा। एक अधिकारी ने कहा, अमेरिका, कनाडा और यूरोपीय देशों से आने वाले सिखों को लाहौर के लिए यात्रा वीजा जारी किया गया है। पवित्र स्थानों पर उनके अनियंत्रित दौरे में सुरक्षा संबंधी समस्याएं हैं। इसीलिए यात्रा संचालकों को गृह मंत्रालय से अनापत्ति प्रमाणपत्र लेने के लिए कहा गया है। गुरु नानक की 550वीं जयंती के संबंध में भारत और अन्य देशों से सिख तीर्थयात्री ननकाना साहिब में आने लगे हैं।

अट्टारी-बाघा बार्डर से पाक जाते दिखे सिख तीर्थ यात्री

वहीं तस्वीरों में अट्टारी-बाघा बार्डर के रास्ते पाकिस्तान जाते हुए सिख तीर्थयात्री देखे गए। ये तीर्थयात्री गुरुद्वारा साहिब जाएंगे और वहां गुरु नानक देव की 550वीं जयंती समारोह में शामिल होंगे।

आरबीआई ने निकासी की सीमा बढ़ाई

अब पीएमसी बैंक से 50 हजार रुपये निकाल सकेंगे ग्राहक

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मंगलवार को अपने फैसले में बदलाव करते हुए प्रतिबंधित पंजाब एंड महाराष्ट्र को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड (पीएमसी) के प्रत्येक खाते से निकासी की सीमा 10,000 से बढ़ाकर 50,000 रुपये कर दी है। निकासी पर नियंत्रण लगाए जाने के कारण आरबीआई को पिछले दिनों खाताधारकों के विरोध का सामना करना पड़ा था।

7000 करोड़ के बैंक घोटाले में 169 स्थानों पर सीबीआई के छापे

नई दिल्ली। सीबीआई ने 7,000 करोड़ रुपए से अधिक के बैंक धोखाधड़ी के 35 मामलों के सिलसिले में देशभर में 169 स्थानों पर छापे मार रहा है। अधिकारियों ने बताया कि ये मामले भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, आंध्रा बैंक, ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स, इंडियन ओवरसीज बैंक, इलाहाबाद बैंक, केनरा बैंक, देना बैंक, पंजाब एवं सिंध बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, आईडीबीआई बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, बैंक ऑफ महाराष्ट्र और बैंक ऑफ इंडिया से जुड़े हुए हैं।

खबर संक्षेप

बड़ी बातों और ऑड-ईवन से कुछ नहीं होगाः सिन्हा

नई दिल्ली। दिल्ली में उच्च स्तर पर पहुंच चुके प्रदूषण को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का नाम लिए बिना कहा कि इनकी जवाबदेही तो बनती है। प्रदूषण से निपटने के लिए केवल ऑड ईवन लागू करने और बड़ी बड़ी बातें करने से कुछ नहीं होने वाला। उन्होंने कहा जिम्मेदारी तो बनती ही है। कुछ योजनाबद्ध तरीके से करना होगा जो दीर्घकालिक असर करें। एक सवाल के जवाब में सिन्हा ने कहा कि केजरीवाल मेरे दोस्त है यह अलग बात है लेकिन प्रदूषण दूर करने का सवाल अलग है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में प्रदूषण है, लेकिन दिल्ली बहुत ज्यादा है। ऐसे में दिल्ली सरकार की जिम्मेदारी तो बनती ही है।

प्रदूषणः सदन की विशेष बैठक बुलाने की मांग

नई दिल्ली। उत्तरी दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष सुरजीत सिंह पवार ने कहा है कि दिल्ली में प्रदूषण की आपात स्थिति को देखते हुये सत्तारूढ़ भाजपा दल विफल साबित हुआ है। उन्हें सदन की विशेष बैठक बुलाने मांग करते हुए सदन में चर्चा करवाकर प्रदूषण के खिलाफ ठोस कार्रवाई करने की मांग की है। इससे पहले नेता सदन ने सत्तारूढ़ भाजपा पर दिल्ली में बढ़ रहे वायु प्रदूषण के खिलाफ समुचित कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुये कहा कि निगम द्वारा प्रदूषण के विरुद्ध कार्रवाई करने के नाम पर अब तक केवल कूड़ा जलाने वालों के खिलाफ, निर्माण कार्यों में गतिविधियों के लिये तथा सड़क पर बिल्डिंग मेटेरियल डालने के विरुद्ध जो चालान किये है वे 'ऊंट के मुंह में जीरे' के समान है।

प्रदूषण फैलाने पर 10 लोग गिरफ्तार

नई दिल्ली। प्रदूषण फैलाने वालों पर दक्षिणी दिल्ली नगर निगम ने कड़ा रुख अपनाते हुए 10 लोगों को गिरफ्तार कराया है। मंगलवार को दक्षिणी निगम प्रशासन ने बताया कि प्रदूषण के खिलाफ सभी जोनों में उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ 154 एफआईआर दर्ज कराई। यह कार्रवाई एनजीटी 2010 की धारा 15 के तहत की गई है। पश्चिमी जोन में कचरा जलाने और अवैध मलबा डालने के एक मामले में 4 सौ व्यक्तियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई जोकि एफआईआर में तब्दील होने के बाद 10 लोगों को भी गिरफ्तार किया गया।

निर्माण पर पाबंदी से प्रभावित मजदूरों के लिए दिया भत्ते का सुझाव

एनजीटी ने पूछा सवाल तो दिल्ली के सीएस बोले- प्रदूषण रोकने में हमारे प्रयास अधूरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में प्रदूषण की लगातार बिगड़ी स्थिति पर मंगलवार को राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) ने सुनवाई की। एनजीटी ने दिल्ली सरकार को फटकार लगाते हुए पूछा कि आपकी सरकार कूड़ा जलाने को रोकने के मामले में क्या कर रही है। इस पर दिल्ली के मुख्य सचिव विजय कुमार देव ने एनजीटी के सामने अपना पक्ष रखते हुए माना कि प्रदूषण रोकने की उनकी कोशिशें अधूरी हैं और कूड़ा जलाने की समस्या से सख्ती से निपटेंगे। अगर कोई कहीं कूड़ा जलते देखे तो हमें सूचित करे हम कार्रवाई करेंगे। एनजीटी ने इस मामले में केंद्र को भी तलब किया। उसने केंद्र सरकार से उसके द्वारा प्रदूषण रोकने के लिए उठाए गए कदम की भी जानकारी मांगी। इस पर केंद्र सरकार ने एनजीटी को बताया कि प्रदूषण रोकने के लिए सचिव स्तर की बैठकें जारी हैं। हमने राज्यों को इस समस्या से निपटने के लिए 1150 करोड़ रुपये दिए हैं। बीते साल हमने 14000 मशीनें राज्यों को उपलब्ध कराई थी और इस बार हमने 50 हजार और मशीनें मुहैया कराई हैं। एनजीटी ने केंद्र से दिल्ली में प्रदूषण स्तर कम करने के लिए निर्माण गतिविधियों पर पाबंदी के कारण बेरोजगार हुए दिहाड़ी मजदूरों को भत्ता या मुआवजा प्रदान करने की सिफारिश की है। एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति आदर्श कुमार गोयल के नेतृत्व वाली पीठ ने कहा कि भवन और अन्य निर्माण श्रमिक (रोजगार का नियमन और सेवा की शर्तें) कानून के तहत कल्याण संबंधी विशाल धनराशि बिना इस्तेमाल के पड़ी हुई है। निर्माण रूकने पर क्या किसी तरह का भत्ता दिया जा सकता है? अधिकरण ने कहा कि रोजी-रोटी के लिए निर्माण स्थलों पर दिहाड़ी मजदूरी का काम करने वाले लोग निर्माण गतिविधियों पर प्रतिबंध के कारण बेरोजगार हो गए हैं। पीठ ने कहा कि हमें बताया गया है कि निर्माण गतिविधि प्रतिबंधित है। निर्माण रूकने पर मजदूरी करने वाले लोग सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं। एनजीटी दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण के मुद्दे पर चर्चा कर रहा था। अधिकरण ने कहा कि एक दिन में हवा की गुणवत्ता खराब नहीं हुई बल्कि कानून के पालन में प्राधिकारों की निरंतर लापरवाही और उदासीनता के कारण ऐसा हुआ है।

ये अधिकारी हुए पेश

एनजीटी के एक आदेश के आलोक में सुनवाई के दौरान दिल्ली के मुख्य सचिव विजय कुमार देव, पर्यावरण और वन मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव और दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति के अध्यक्ष मौजूद थे। मुख्य सचिव ने पीठ को बताया कि अपशिष्ट जलाने वालों के खिलाफ प्रशासन कड़ी कार्रवाई कर रहा है।

सुप्रीम कोर्ट ने किया मुख्य सचिव विजय कुमार देव को तलब , कहा- हर साल होती है ये बदहाली

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के मुख्य सचिव विजय कुमार देव को तलब किया है। न्यायालय ने कहा कि इस क्षेत्र में प्रदूषण के खतरनाक स्तर की वजह से जीवन अवधि घटने की ओर इशारा करने वाले वैज्ञानिक आंकड़ों की वजह से बड़े पैमाने पर लोगों का पलायन नहीं हो सकता। शीर्ष अदालत ने कहा कि इस अवधि में हर साल प्रदूषण की वजह से एक विचित्र स्थिति उत्पन्न होती है लेकिन दिल्ली सरकार, स्थानीय निकाय और अन्य संबंधित राज्य सरकारें अपने कर्तव्यों का ठीक से निर्वहन नहीं करती हैं। न्यायालय ने इस मामले में पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिवों को छह नवंबर को पेश होने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा और न्यायमूर्ति दीपक गुप्ता की पीठ ने प्रदूषण की गंभीर स्थिति के लिये प्राधिकारियों को आड़े हाथ लिया है। पीठ ने इस स्थिति को हतप्रभ करने वाला करार देते हुये कहा कि बड़े पैमाने पर लोगों का पलायन नहीं हो सकता। दिल्ली में भी लोगों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना होगा और उन्हें दिल्ली, जो राजधानी है, से बाहर नहीं निकाला जा सकता। पीठ ने कहा कि अब समय आ गया है जब हमें इस तरह की पैदा हुई स्थिति के लिये जिम्मेदारी तय करनी होगी और संविधान के अनुच्छेद 21 का घोर उल्लंघन करके जीने के अधिकार को नष्ट किया जा रहा है। शीर्ष अदालत ने पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश सरकारों को अपने-अपने इलाकों में पराली जलाने पर तुरंत रोक लगाने का भी निर्देश दिया है। न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि हम पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिवों के साथ ही दिल्ली के मुख्य सचिव को भी छह नवंबर को पेश होने का निर्देश देते हैं। प्रदूषण पर नियंत्रण के लिये अनेक निर्देश देते हुये शीर्ष अदालत ने केन्द्र और संबंधित राज्य सरकारों तथा दिल्ली सरकार को तत्काल वायु प्रदूषण की आपात स्थिति से निबटने के लिये कदम उठाने का भी निर्देश दिया है।

खुद से दर्ज किया नया मामला

दिल्ली और इससे लगे इलाकों में वायु प्रदूषण की गंभीर स्थिति को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने इस मुद्दे पर मंगलवार को स्वतः संज्ञान लेते हुए खुद से एक नया मामला दर्ज किया, जिस पर बुधवार को सुनवाई होगी। न्यायमूर्ति अरूण मिश्रा और न्यायमूर्ति दीपक गुप्ता की विशेष पीठ स्वतः संज्ञान वाले इस मामले की सुनवाई प्रदूषण पर लंबित अन्य विषयों के साथ करेगी। इस मामले का शीर्षक 'दिल्ली और इससे लगे इलाकों में वायु प्रदूषण का सतर्क करने वाला स्तर' रखा गया है।

प्रधानमंत्री ने की उत्तर भारत में प्रदूषण पर बैठक की अध्यक्षता

नई दिल्ली। दिल्ली और उसके आसपास के क्षेत्रों में वायु की गुणवत्ता 'गंभीर' और 'बहुत खराब' के बीच रहने के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर भारत में प्रदूषण की स्थिति पर चर्चा करने के लिए मंगलवार को एक बैठक की अध्यक्षता की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने ट्वीट किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बैठक की अध्यक्षता की जिसमें उत्तरी भारत के विभिन्न हिस्सों में प्रदूषण के कारण उत्पन्न स्थिति पर चर्चा हुई। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार मोदी ने पश्चिम भारत के हिस्सों में चक्रवातीय दशाओं से उत्पन्न स्थिति की समीक्षा भी की। यह बैठक प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पी के मिश्रा द्वारा दिल्ली, पंजाब और हरियाणा के शीर्ष अधिकारियों के साथ रविवार और सोमवार को की गयी एक के बाद एक समीक्षा बैठकों के बाद हुई है। प्रधानमंत्री द्वारा चक्रवात 'महा' के लिए तैयारी की समीक्षा किये जाने से एक दिन पूर्व राष्ट्रीय संकट प्रबंधन समिति ने छह नवंबर की रात को द्वारका और दीव के बीच इस चक्रवात के पहुंचने से पहले गुजरात, महाराष्ट्र तथा दमन एवं दीव में तैयारी की समीक्षा की थी। जिला प्रशासनों को अलर्ट रखा गया है और मछली पकड़ने की गतिविधियां फिलहाल टाल दी गयी हैं। दमन एवं दीव प्रशासन ने समिति को अपनी तैयारी और लोगों को हटाकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की अपनी योजना के बारे में बताया।

ऑड-ईवन का दूसरा दिन रहा सफल, हवा हुई साफ : सिसोदिया

नई दिल्ली। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने मंगलवार को बताया कि ऑड-ईवन का दूसरा दिन काफी सफल रहा और दिल्ली की वायु गुणवत्ता में भी सोमवार से ज्यादा सुधार आया है। चालान की बात की जाए तो दोपहर तक 384 चालान काटे गए। प्रैसवार्ता में सिसोदिया ने बताया कि मंगलवार के दिन भी दिल्ली के लोगों ने ऑड-ईवन को सफल बनाया। वहीं वायु गुणवत्ता सूचकांक में भी सुधार आया है। तीन बजे के आंकड़ों के अनुसार पीएम 2.5, 58 रहा जो काफी अच्छी स्थिति है साथ ही पीएम 10 भी 139 रहा जो सोमवार से काफी बेहतर स्थिति है। उन्होंने कहा कि इन आंकड़ों से ये तो पता चल रहा है कि दिल्ली पर जो धुंए का संकट था वो लगभग खत्म हो चुका है फिर भी हमारे पर्यावरण विभाग के वैज्ञानिक सभी तरह के हालातों पर नजर बनाए हुए है। सिसोदिया ने कहा कि मुझे लगता है कि सोमवार के सुप्रीम कोर्ट के आर्डर के बाद हरियाणा और पंजाब में पराली जलनाए की घटनाओं में कमी आई होगी, और हम उम्मीद करते है कि अब नया धुंआ नहीं आएगा। ऑड ईवन के बारे में जानकारी देते हुए हुए मनीष सिसोदिया ने कहा कि पूरी दिल्ली बहुत अच्छे से इस नियम का पालन कर रही है। सोमवार को हमने सख्ती नहीं करते हुए और ज्यादातर लोगों के चालान नहीं काटते हुए समझाया था कि ऑड ईवन का पालन करे उसके बाद कुल 192 चालान कटे थे, मंगलवार को हमने चालान की संख्या बढ़ाई है जो दोपहर तक 384 चालान कटे है। साथ ही उपमुख्यमंत्री ने बताया कि लोग ट्रैफिक को लेकर बहुत खुश है। सड़कों पर जो गाड़ियों की कमी आयी है उसकी वजह से लोगो को एक से दूसरी जगह पहुंचने में समय आधा रह गया है। इस कारण भी वाहनों से होने वाले प्रदूषण में कमी आयी है।

चालान...

गहलोत ने की निगरानी

नई दिल्ली। वाहनों की ऑड ईवन योजना के दूसरे दिन मंगलवार को दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने इसके कार्यान्वयन की निगरानी की और कहा कि वह शहर की सड़कों पर विषम संख्या वाले वाहनों को देखकर खुश हैं। परिवहन मंत्री ने सड़कों पर ऑड ईवन योजना के कार्यान्वयन की निगरानी करने के लिए कई स्थानों का दौरा किया। गहलोत ने ट्वीट किया कि ऑड ईवन का दूसरा दिन : दिल्ली की सड़कों पर विषम संख्या वाले वाहनों का देखकर खुश हूं। एक अन्य ट्वीट में उन्होंने कहा कि हम सभी को कार पूलिंग/शेयरिंग को बढ़ावा देना चाहिए। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को दावा किया था कि पहले दिन यह कवायद 'सफल' रही क्योंकि सड़कों पर 15 लाख कारें कम थीं। यह योजना 15 नवंबर को खत्म होगी।

सांसद विजय गोयल और प्रवेश वर्मा ने केजरीवाल से प्रदूषण पर पूछे सवाल

भाजपा सांसद विजय गोयल व प्रवेश वर्मा ने केजरीवाल सरकार की ऑड-ईवन योजना पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से 10 सवाल पूछे है। साथ उन्होंने कहा कि हमने जो सवाल खड़े किए थे उन पर सुप्रीम कोर्ट ने भी अपनी मोहर लगाते हुए दिल्ली सरकार को लताड़ा है। उन्होंने कहा कि कल सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार से पूछा कि उन्होंने ऑड-ईवन में सीएनजी कारों को क्यों रोक दिया, जबकि दो पहिए, थ्रीव्हिलर और टैक्सी को अनुमति दे दी, जो कि कारों से ज्यादा प्रदूषण फैलाते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आखिर इस स्कीम से हासिल क्या होने वाला है। उन्होंने कहा कि कोर्ट ने दिल्ली सरकार से यह भी पूछा है कि पिछली बार जो ऑड-ईवन हुआ, उसका कितना फायदा हुआ था। सभी पर्यावरण संस्थाओं सीपीसीबी, डीपीसीसी, टेरी और डीटीयू द्वारा की गई शोध में बताया गया था कि ऑड-ईवन से कोई खास फायदा नहीं हुआ। गोयल और वर्मा ने कहा आम आदमी पार्टी के जो अध्यक्ष थे सुखपाल सिंह खेड़ा, उन्होंने तो खुद कैमरे के सामने खड़े होकर लुधियाना में पराली जलाई थी। आम आदमी पार्टी के 19 एमएलए हैं, जो सारे ग्रामीण क्षेत्रों से आते हैं और वहां दबाकर पराली जल रही है।

सिसोदिया का पलटवार

उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया भाजपा सांसद विजय गोयल के पंजाब वाले बयान पर पलटवार करते हुए उन्हें ही कटघरे में खड़ा कर दिया। सिसोदिया ने कहा कि अब तक विजय गोयल बोल रहे थे प्रदूषण दिल्ली से ही पैदा हो रहा है। मंगलवार को उनका नया बयान आ गया है।

मेरे ऊपर आरोप लगता है मैं गरीबों के लिए काम करता हूं : केजरीवाल

नई दिल्ली। मेरे ऊपर आरोप लगता है कि हमारी सरकार और मैं गरीबों के लिए काम करता हूं। विपक्ष कहता है कि केजरीवाल ने सब कुछ गरीबों के लिए फ्री कर दिया। यह बात दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने अपने आवास पर केश कला बोर्ड के गठन पर धन्यवाद देने आए बारबर समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कही। केजरीवाल ने कहा कि मैंने पिछले पांच साल में सभी वर्ग के लिए काम किया। वह चाहें ऑटो, टेंपो, टैक्सी संचालक हो या कोई और। पिछले दिनों बारबर समाज के लोग मिले। उन्होंने कहा हमारे लिए कुछ नहीं हुआ। हमने तत्काल मंत्रियों के साथ बैठक की और केशकला बोर्ड का गठन किया। यह बोर्ड बारबर समाज के हित के लिए काम करेगा व योजनाएं बनाएगा। बोर्ड में समाज के ही लोग होंगे। आप लोग रजिस्टर हो जाना। आपके लिए कल्याणकारी योजना बनाएंगे। रोजगार के लिए बारबरसमाज को स्किल कराएंगे। आप लोगों के बीच के लोग ही बोर्ड में होंगे। वह आपके कारोबार व आपके बारे में समझते हो। वह प्रस्ताव लेकर आएंगे। जिसे मंजूरी मिलेगी।

सिग्नेचर ब्रिज बंद, जनता को हो रही परेशानी : तिवारी

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली में ऑड-ईवन योजना को लागू कर और सिग्नेचर ब्रिज बंद कर उत्तर पूर्वी दिल्ली संसदीय क्षेत्र की जनता को परेशान कर रहे हैं। भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष एवं उत्तर पूर्वी दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी ने दिल्ली सरकार पर उक्त गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि सीएम केजरीवाल जानबूझकर उत्तर पूर्वी दिल्ली संसदीय क्षेत्र की परिवहन व्यवस्था को चौपट करने में लगे हुए हैं, वह नहीं चाहते हैं कि उत्तर पूर्वी दिल्ली के लाखों लोग सुगम परिवहन व्यवस्था का लाभ उठा सकें।

MY MONEY SECURITIES LTD.
Regd Office : 10-A, UNDERHILL LANE, CIVIL LINES, DELHI-54
Ph. 011-23924241, 23930655
CIN: L67120DL1992PLC047890
EMAIL ID : mymoneyviews@outlook.com

NOTICE

NOTICE is hereby given that pursuant to Regulation 29 and 47 of the SEBI (Listing Obligation ard Disclosure Requirements) Regulation, 2015 the meeting of Board of Directors of the Company will be held on Thursday the 14th day of November, 2019 at its Registered office at 10-A Under Hill Lane, Civil Lines, Delhi-110 054 to consider and approve the Standalone unaudited financial results of the company for the quarter and half year ended 30th September, 2019.

By Order of the Board
Sd/-
Vikas Seth
Managing Director
DIN: 00383194
ADD: 10-A, Under Hill Lane, Civil Lines, Delhi -110054

Place : Delhi
Date : 05/11/2019

मतदाता सूची का प्रकाशन छह जनवरी को

दिल्ली विधानसभा चुनावः निर्वाचन आयोग ने की तैयारियों की समीक्षा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

निर्वाचन आयोग ने दिल्ली में विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिये राज्य निर्वाचन कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर मतदाता सूचियों को अद्यतन करने सहित अन्य कामों का जायजा लिया। आयोग के आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि दिल्ली निर्वाचन कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सोमवार को हुई बैठक में मतदाता सूचियों में नये मतदाताओं के नाम शामिल कराने और संशोधन आदि कामों को समय से पूरा किये जाने की समीक्षा की गई। वरिष्ठ उप चुनाव आयुक्त संदीप सक्सेना की अध्यक्षता में हुई बैठक में चुनाव खर्च, मीडिया और अन्य विषयों से संबद्ध आयोग के महानिदेशक के अलावा दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी, दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी और स्थानीय निकायों सहित अन्य संबद्ध विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। दिल्ली के एक चुनाव अधिकारी ने बताया कि बैठक में सभी विभागों को स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिये उपयुक्त कार्ययोजना बनाकर इस दिशा में अधिकारियों और कर्मचारियों को संजीदगी से अपने उत्तरदायित्व के निर्वहन के लिये प्रशिक्षित करने को कहा गया है।

22 फरवरी को पूरा होगा विधानसभा का कार्यकाल

बता दें कि दिल्ली विधानसभा का कार्यकाल अगले साल 22 फरवरी को पूरा हो रहा है। इसके लिये अगले दो महीने में चुनावी तैयारियों को मुकम्मल कर चुनाव प्रक्रिया को पूरा करने का लक्ष्य है। आयोग ने दिल्ली के अधिकारियों को नये मतदाताओं को अधिक से अधिक संख्या में मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के लिये जागरुकता शिवर लगाने और मतदाता बनने की प्रक्रिया का सहज एवं सुविधाजनक पालन सुनिश्चित करने को कहा है। संशोधित मतदात सूची के प्रारूप मसौदे का प्रकाशन 15 नवंबर तक किया जाना है। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन छह जनवरी 2020 को किया जायेगा। दिल्ली विधानसभा चुनाव में मतदाता बनने के लिये एक जनवरी 2020 तक आवेदन किये जा सकेंगे। चुनाव आयोग द्वारा दिव्यांग और 80 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों को डाक मतपत्र से मतदान की सुविधा प्रदान किये जाने के बाद इसका पहली बार पालन दिल्ली विधानसभा चुनाव से ही किया जायेगा। इसके मद्देनजर सक्सेना ने दिल्ली के अधिकारियों को ऐसे मतदाताओं की पहचान सुनिश्चित कर इन्हें मतदान संबंधी सभी जरूरी सुविधायें मुहैया कराने के इंतजाम करने को भी कहा है।

विधानसभा में 'दिल्ली युवा संसद' आज से

नई दिल्ली। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के मद्देनजर दिल्ली विधानसभा में छह नवंबर से लेकर आठ नवंबर तक 'दिल्ली युवा संसद' का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में 18 से 25 आयुवर्ग के 41 महाविद्यालयों के 84 युवा प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सुबह करीब दस बजे इसका उद्घाटन करेंगे वहीं उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया आठ नवंबर को शाम छह बजे इसका समापन करेंगे। प्रैसवार्ता में दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल ने बताया कि इस दौरान युवा संसदीय लोकतंत्र और विधायिका की भूमिका पर अपने विचार रखेंगे। प्रतिभागियों को विधायी व्यवस्था का वास्तविक अनुभव कराने के लिए दिल्ली विधानसभा के सभागार में मॉक विधानसभा सत्र का आयोजन होगा जिसमें वे काल्पनिक राज्य इन्द्रप्रस्थ में विधायकों एवं मंत्रियों की भूमिका निभाएंगे। उन्हें पता चलेगा कि विधानसभा कैसे कार्य करती है। विधेयक एवं संकल्पों का प्रस्ताव कैसे लाया जाता है। यहां वाद-विवाद कैसे होता है। राज्य और विशेषरूप से उसके नागरिकों के लिए प्रासंगिक मुद्दों पर चर्चा कैसे होती है। इससे युवाओं की संसदीय प्रक्रिया के बारे में जानकारी बढ़ेगी और विचारों का विकास होगा।

दक्षिणी नगर निगम स्थायी समिति बैठक

विपक्ष ने डिजिटलीकरण पर सत्ता पक्ष को घेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार भारत को डिजिटल बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती है लेकिन वहीं दूसरी तरफ दक्षिणी दिल्ली नगर निगम में काबिज भाजपा सत्तापक्ष डिजिटल अभियान को विफल करने में लगा हुआ है। सिविक सेंटर में मंगलवार को आयोजित दक्षिणी निगम की स्थायी समिति बैठक में विपक्षी दलों के सदस्य वेदपाल और नरेंद्र गिरसा ने सिविक सेंटर में आयोजित होने वाली बैठकों की फुटेज लेने के मामले पर सत्तापक्ष को जमकर घेरा। समिति अध्यक्ष भूपेंद्र गुप्ता के निर्देश के बाद निगम सचिव ने दो टूक जबाव देते हुए कहा कि उनके पास सिविक सेंटर में आयोजित सदन बैठकों से संबंधित कोई फुटेज नहीं हैं। इसके बाद विपक्षी सदस्यों ने मोदी सरकार को घेरते हुए कहा कि निगम सत्तापक्ष पारदर्शिता के नाम पर ढोंग कर रहा है और सरकारी रिकॉर्ड निगम सदस्यों को उपलब्ध कराने में मनमानी कर रहा है। बता दें कि इस मामले पर सत्तापक्ष और विपक्षी सदस्यों के बीच जमकर बहस हुई। समिति बैठक में सदस्य नरेंद्र चावला, कमलजीत सहरावत, नरेंद्र गिरसा, पूनम भाटी, राजपाल, शिखा राय, सतपाल खैरवाल, पवन आदि ने अभियंताओं को जबरन रिटायर करने के मामले पर प्रशासन से पूछा कि अभियंताओं को किस प्रक्रिया के तहत हटाया गया है। इस बारे में प्रशासन ने दो समितियों की जानकारी दी लेकिन उनमें मौजूद सदस्यों का नाम गोपनीय रखने का हवाला देखकर बैठक में नहीं बताया गया। वहीं, सदस्यों ने ढलाव घरों पर आगजनी, गोयला डेयरी में गोबर की समस्या, वेस्ट जोन में खाली सम्पत्तियों को सील करने, प्रदूषण की रोकथाम को लेकर तैयारियों आदि मामलों पर भी चर्चा की।

पार्क में शादी समारोहों की अनुमति देने पर एनडीएमसी का विरोध

नई दिल्ली। दिल्ली में गोल मार्केट के समीप राजा बाजार के निवासियों ने दो एकड़ में फैले पार्क में शादी समारोहों की अनुमति देने के लिए एनडीएमसी के खिलाफ अपना विरोध तेज कर दिया है। इस पार्क में हाल ही में पौधारोपण का काम हुआ था। सेंट्रल गवर्नमेंट एम्प्लॉयीज रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन टाइप-4 एमएस फ्लैट्स ने नयी दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) की सचिव रश्मि सिंह को पत्र लिखकर मांग की कि पार्क की वर्तमान स्थिति को 'विकृत' न किया जाए। बहरहाल, बागवानी निदेशक एस चेल्लैया ने आरडब्ल्यूए के आरोपों को खारिज किया है। एसोसिएशन ने 29 अक्टूबर को लिखे पत्र में कहा कि आरडब्ल्यूए के अनुरोध पर एनडीएमसी के बागवानी विभाग ने पार्क में पौधारोपण तथा अन्य विकास कार्य किए थे। उसने कहा कि अब हमारे संज्ञान में आया है कि एनडीएमसी पार्क में शादी की बुकिंग को अनुमति देने जा रही है...इसका जिक्र करना भी सही होगा कि एनडीएमसी का बागवानी विभाग पेड़ों को पानी भी नहीं दे रहा है। उसने आरोप लगाया कि पार्क के आस-पास 'बारात घर' होने के बावजूद शादी समारोहों के लिए बुकिंग की अनुमति दी गई।

अंका इंडिया लिमिटेड
पंजी. कार्यालय : 41, शिवालिक बिल्डिंग, निकट सरस्वती हॉस्पीटल / टेलीफोन एक्सचेंज, ओल्ड दिल्ली रोड, गुड़गांव-122001
कार्पो. कार्यालय : डब्ल्यूजैड-86, गैलेक्सी होम, टोडापुर, नई दिल्ली-110012
CIN : L74900HR1994PLC033268
Email id: response@ankaindia.com
Phone No : 9820069933; 0124-2322570
Website : www.ankaIndia.com

सूचना

एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अन्य बातों के अलावा निम्नलिखित बिजनेस का सम्पादन करने के लिये निदेशक मंडल की बैठक बृहस्पतिवार 14 नवम्बर 2019 को कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय 41, शिवालिक बिल्डिंग, निकट सरस्वती हॉस्पीटल / टेलीफोन एक्सचेंज, ओल्ड दिल्ली रोड, गुड़गांव-122001 में आयोजित की जानी निर्धारित है :-
1. 30 सितम्बर 2019 को समाप्त तिमाही हेतु कम्पनी के वैधानिक अंकेक्षक द्वारा सीमित समीक्षा रिपोर्ट के साथ-साथ अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों (स्टैंडलोन) पर विचार और अनुमोदन करना।
2. अध्यक्ष की अनुमति से कोई अन्य मद।

इसके अतिरिक्त सेबी (अनाधिकृत व्यापार निषेध), नियमनों, 2015 के प्रावधानों के तहत और अनाधिकृत व्यापार के निषेध हेतु कम्पनी की आचार संहिता के अनुसार कम्पनी की सिक्योरिटीज में डीलिंग हेतु "ट्रेडिंग विंडो" निदेशकों और कम्पनी के अन्य पदनामित कर्मचारियों हेतु 05.11.2019 से 16.11.2019 तक (दोनों दिन मिलाकर) बंद रहेंगी। ट्रेडिंग विंडो 17.11.2019 को अर्थात् बैठक की समाप्ति के 48 (अड़तालीस घंटे) बाद पुनः खुलेगी।

बोर्ड के आदेशानुसार
कृते अंका इंडिया लि.
हस्ता/-
राकेश कुमार त्रिखा
निदेशक
डीआईएन : 02585330

दिनांक : 05.11.2019
स्थान : गुड़गांव

नाराज होकर घर वाले भी निकले सड़कों पर

इंडिया गेट और जीटी करनाल रोड पर भी किया प्रदर्शन

प्रदर्शन में शामिल कई पुलिस कर्मियों के छलके आंसू

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पुलिस मुख्यालय के बाहर मंगलवार को हुये प्रदर्शन में पुलिस के कई जवान भावुक भी हो गये। अपनी बात मीडिया के सामने रखते हुए एक दिल्ली पुलिस का जवान फूट-फूटकर रोने लगा। पुलिसकर्मी का कहना था कि उनकी बच्ची आज पूछ रही है कि पुलिसवालों को क्यों पीटा जा रहा है? आज कानून के रखवालों को ही सुरक्षा की जरुरत क्यों महसूस हो रही है? दिल्ली में ऐसे हालात पैदा करने के जिम्मेदार लोगों पर सख्त कार्रवाई की मांग लेकर ही पुलिस के हजारों जवान मंगलवार को मुख्यालय पर पहुंचे। उधर पुलिसकर्मियों के परिवार भी सपोर्ट में आ गये हैं और मालवीय नगर और जीटी रोड पर चेन बनाकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। इसके साथ ही आईपीएस एसोसिएशन भी पुलिसकर्मियों के सपोर्ट में आ गया है।

पुलिस मुख्यालय पर प्रदर्शन करने पहुंचे पुलिस के जवान बड़ी संख्या में पोस्टर और तख्तियां लिये हुये थे। उनकी तख्तियों पर लिखा था, कि पुलिस वर्दी में हम इंसान हैं, हम पंचिंग बैग नहीं हैं और रक्षा करने वालों को सुरक्षा की जरूरत। उन्होंने अपने वरिष्ठों से अनुरोध किया कि वर्दी का सम्मान बचाने की खातिर वे उनके साथ खड़े रहें। एक प्रदर्शनकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल घायल वकीलों से मुलाकात करने तो पहुंचे लेकिन इस घटना में घायल हमारे पुलिस के साथियों से मिलने नहीं पहुंचे। यह एकतरफा व्यवहार है। प्रदर्शन के कारण आईटीओ की ओर आने वाले कई रास्तों पर यातायात जाम हो गया और दिल्ली पुलिस को ट्विटर पर यातायात परामर्श जारी करना पड़ा।

पुलिस कर्मियों से प्रदर्शन खत्म करने की अपील करते दिल्ली पुलिस कमिश्नर अमूल्य पटनायक।

हाईकोर्ट के आदेश पर याचिका दायर कर गृहमंत्रालय ने मांगा स्पष्टीकरण

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस और वकीलों के विवाद के बाद केंद्रीय गृहमंत्रालय को हस्तक्षेप करने के लिए उतरना पड़ा। गृह मंत्रालय को दिल्ली हाई कोर्ट में एक याचिका दाखिल करके उस आदेश पर स्पष्टीकरण मांगा है जिसमें अदालत ने तीस हजारी कोर्ट परिसर की हिंसा में एफआईआर के बावजूद वकीलों के खिलाफ कार्रवाई न करने के आदेश दिये थे। गृहमंत्रालय के सूत्रों के अनुसार मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने शनिवार को तीस हजारी कोर्ट परिसर में पुलिस व वकीलों के बीच हुई हिंसक घटना की दिल्ली पुलिस द्वारा गृहमंत्रालय को सौंपी गई की रिपोर्ट की समीक्षा की गई। गृह मंत्रालय के अनुसार दिल्ली पुलिस की यह एक तथ्यात्मक रिपोर्ट है, जिसमें दिल्ली पुलिस ने शनिवार की घटना की परिस्थितियों और उसके बाद की गई कार्रवाई का विवरण दिया है।

31 साल बाद दिल्ली के पुलिसवालों ने किरण बेदी को किया याद

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस मुख्यालय के सामने प्रदर्शन कर रहे कई पुलिस वालों के हाथों में किरण बेदी की तस्वीर के साथ वी नीड यू स्लोगन लिखे पोस्टर दिखे। दरअसल इन पोस्टरों के जरिये पुलिसकर्मी यह संदेश देना चाह रहे थे कि हमें नरम अधिकारियों की बजाय सख्त अधिकारियों की जरूरत है जो मुश्किल वक्त में साथ खड़ा होने का साहस दिखा सकें। आखिर दिल्ली पुलिसकर्मी किरण बेदी को क्यों याद कर रहे हैं। इस सवाल का जवाब 31 साल पहले हुए घटना से जुड़ी है। दरअसल साल 1988 में तीस हजारी कोर्ट में आज की तरह ही दिल्ली पुलिस और वकीलों के बीच जमकर संघर्ष हुआ था। इस समय किरण बेदी डीसीपी पद पर तैनात थीं। इस घटना के बाद उन्होंने पुलिस वालों का साथ दिया था। ऐसे में प्रदर्शनकारी दिल्ली पुलिसकर्मी किरण बेदी को याद कर रहे हैं।

क्या वकील कानून से ऊपर हैं?

नई दिल्ली। पुलिसकर्मियों का कहना है कि किसी भी प्रकार की घटना होने पर पुलिस को तत्काल कटघरे में खड़ा कर दिया जाता है। पुलिसकर्मियों को निलंबित और बर्खास्त कर दिया जाता है। लेकिन सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है कि वकील निर्दोष पुलिस जवानों पर हमले कर रहे हैं। ये हमले पूरे देश में हो रहे हैं। क्या वकील कानून से ऊपर हो गए हैं। पुलिसकर्मियों का कहना है कि दोषी वकीलों पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए।

महिला पुलिसकर्मी भी दिखीं आक्रोशित

नई दिल्ली। पुलिस मुख्यालय के सामने प्रदर्शन में डटी महिला पुलिसकर्मियों ने भी अपनी पीड़ा बताई। उनका कहना था कि हम दिन-रात दिल्ली की जनता को सुरक्षा देने के लिए ड्यूटी करते हैं लेकिन हमारे साथ जिस तरह की मारपीट की घटनाएं हो रही है उसके बाद हमें अपनी सुरक्षा की चिंता है। हमारे साथ कब क्या हो जाये इसकी चिंता हमें और हमारे परिवारों को रहती है। वकील क्या कानून से ऊपर हैं? वे लगातार पुलिस वालों पर हमले करें और हम अनुशासन के नाम पर पीटते रहें ये सब आखिर कब तक चलेगा? कुछ महिला पुलिसकर्मी इस बात पर भी आक्रोशित थी कि उनके अफसर कोर्ट के दबाव में हमारे साथ नहीं खड़े होते हैं।

चार मांगों पर सहमति के बाद लौटे पुलिसकर्मी

पुलिसकर्मियों की मांगों पर 10 घंटे बाद चार पर सहमति बनी और शाम करीब सात बजे प्रदर्शन खत्म हुआ। किन मांगों पर क्या मिला भरोसा? 1. पुलिसकर्मी सस्पेंड किए गए साथियों की बहाली की मांग कर रहे थे। इस पर सीनियर अफसरों और एमएचए के अधिकारियों ने तय किया कि अदालत के आदेश पर निलंबन के खिलाफ रिव्यू पिटिशन डाली जाएगी। 2. दूसरी मांग घायल पुलिसकर्मियों को उसी प्रकार मुआवजा जैसे वकीलों को दिया गया है और वैसी ही इलाज की सुविधा की थी। इस पर न्यूनतम 25 हजार मुआवजा तय हुआ। 3. तीसरे एलजी ने भी घायल पुलिसकर्मियों के उचित इलाज की बात सीनियर अफसरों को कहीं है। 4. चौथे आरोपी वकीलों पर कार्रवाई की मांग थी जिस पर साकेत मामले में उचित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर उचित कार्रवाई की बात कहीं गई है।

छह पुलिस अफसरों की अपील के बाद खत्म हुआ प्रदर्शन

स्पेशल पुलिस कमिश्नर आरएस कृष्णैया ने प्रदर्शन कर रहे पुलिसकर्मियों से देर शाम दोबारा घर जाने की अपील की जिसके बाद धरना-प्रदर्शन खत्म हुआ। कृष्णैया ने कहा कि आपकी सभी मांगों पर विचार किया जा रहा है। इस घटना में जो भी पुलिसकर्मी घायल हुए हैं, उनका इलाज दिल्ली पुलिस कराएगी। साथ ही घायलों को 25 हजार रुपए मुआवजा भी दिया जाएगा। मंगलवार को 10 घंटे से ज्यादा समय के प्रदर्शन में छह सीनियरों अफसरों की ओर से प्रदर्शन खत्म करने की अपील की गई थी।

कोर्ट से आदेश में संशोधन की मांग

नई दिल्ली। गृहमंत्रालय ने दिल्ली हाई कोर्ट में एक याचिका दायर की जिसमें गृह मंत्रालय ने रविवार को दिये गये आदेश में संशोधन की मांग करते हुए कहा कि 2 नवंबर के बाद की घटनाओं पर यह आदेश लागू न हो। गृहमंत्रालय की इस याचिका पर हाई कोर्ट ने इस पर दिल्ली सरकार, बार काउंसिल ऑफ इंडिया, दिल्ली के सभी 6 डिस्ट्रिक्ट बार असोसिएशनों को नोटिस जारी किया है। इस याचिका पर आज बुधवार को सुनवाई की जाएगी। गौरतलब है कि गत 2 नवंबर को तीस हजारी कोर्ट परिसर में वकीलों और पुलिस वालों के बीच हुए हिंसक झड़प का संज्ञान लेते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने रविवार को न्यायिक जांच का आदेश दिये थे और वहीं यह भी आदेश जारी किये गये थे कि जिन वकीलों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

साकेत कोर्ट मामले में दर्ज हुए दो मुकदमें

नई दिल्ली। सोमवार को साकेत कोर्ट के बाहर वकीलों द्वारा पुलिसकर्मी व एक युवक से बदसलूकी को लेकिन दो मुकदमें दर्ज किए गए हैं। पहला मुकदमा महरौली थाने के कांस्टेबल करण की शिकायत पर हुआ जबकि दूसरा मुकदमा टैक्सी ड्राइवर की शिकायत पर दर्ज किया गया, जिस पर स्टील की रॉड से हमला किया गया था। हालांकि इस एफआईआर में किसी का नाम नहीं लिखवाया गया है।

आईपीएस एसोसिएशन भी सपोर्ट में आया

आईपीएस एसोसिएशन ने भी इस हमले की निंदा की और अपमान तथा हमले का सामने करने वाले अपने साथियों के साथ एकजुटता दिखाई। एसोसिएशन के आधिकारिक हैंडल से ट्वीट किया गया, पुलिस और वकीलों के बीच हुई घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। सार्वजनिक रूप से उपलब्ध तथ्यों के आधार पर सभी को इस घटना के प्रति संतुलित नजरिया रखना चाहिए। देशभर की पुलिस उन पुलिसकर्मियों के साथ खड़ी है जिन्हें अपमानित किया गया और जिनके साथ मारपीट की गई। कानून तोड़ने के सभी प्रयासों की निंदा की जाती है। चाहे ऐसा प्रयास करने वाला कोई भी हो।

बदमाशों ने तीन लोगों को मारे चाकू

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- नरेला और मंगोलपुरी इलाके की घटना

नरेला व मंगोलपुरी इलाके में तीन लोगों को चाकू मारने का मामला सामने आया है। मंगोलपुरी थाना इलाके में लूटपाट का विरोध करने पर बदमाशों ने अरूण (30) को चाकू मार दिये। वहीं, नरेला थाना इलाके में मामूली कहासुनी के दौरान बदमाशों ने पवन व प्रदीप को चाकू मारकर घायल कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस ने तीनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार जारी है। पुलिस ने दोनों ही मामलों में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, अरूण, एस ब्लॉक मंगोलपुरी में सपरिवार रहता है। देर रात करीब 11.30 बजे अरूण काम पर से घर लौट रहा था। जैसे ही वह मंगोलपुरी बी ब्लॉक पहुंचा, तभी बदमाशों ने उसे घेर लिया और उसके साथ लूटपाट करने लगे। विरोध करने पर बदमाशों ने उसे चाकू मार दिया और मौके से फरार हो गए। वहीं, नरेला इलाके में मामूली कहासुनी के दौरान बदमाशों ने पवन व प्रदीप को चाकू मार दिये। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

छेड़छाड़ का विरोध करने पर लड़के-लड़की पर हमला

नई दिल्ली। पश्चिमी जिले के कीर्ति नगर इलाके में आपसी कहासुनी को लेकर एक लड़के और लड़की को कुछ लड़कों ने चाकू मार दिया। हाथ में चाकू लगने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें इलाज के लिए सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने केस दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, वारदात मंगलवार सुबह 5:30 बजे की है। शाबिर आलम रघुवीर नगर में रहता है। वह मोती नगर के टाइगर रेस्टोरेंट में अकाउंटेंट के तौर पर कार्यरत है। वह एक लड़की के साथ कीर्ति नगर के 24/7 स्टोर में पहुंचा था। तभी वहां मौजूद 4-5 लड़कों ने लड़की पर छींटाकशी की जिसके बाद कहासुनी हो गई। इस घटना में उक्त लड़कों में से एक ने युवक व युवती पर चाकू से हमला कर दिया। युवक के दांये हाथ पर व युवती के हथेली पर जख्म आये हैं। दोनों को इलाज के लिए सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने आईपीसी की धारा 324/509 और 34 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गोकलपुरी की घटना...

घर के नीचे बदमाशों ने युवक को मारी तीन गोलियां

नई दिल्ली। गोकलपुरी थाना इलाके में कार सवार बदमाशों ने एक युवक पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। फायरिंग के दौरान एक गोली युवक के सीने में लगी, जबकि दो गोली उसके दोनों हाथों में लगी। वारदात के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। परिजन उसे खून से लथपथ हालत में अस्पताल लेकर गए, जहां उसका उपचार जारी है। वहीं, डॉक्टरों ने उसकी हालत खतरे से बाहर बताई है। घायल का नाम मोनू (24) है। शुरूआती जांच के बाद पुलिस का कहना है कि आपसी रंजिश के चलते वारदात को अंजाम दिया गया है। पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल आरोपियों की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

स्पेशल अभियान के दौरान...

दो घोषित बदमाश समेत छह को दबोचा

नई दिल्ली। आउटर नॉर्थ जिले में अपराध पर लगाम लगाने के लिए डीसीपी गौरव शर्मा ने एक स्पेशल अभियान शुरू किया। अभियान के तहत नरेला औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने एक ऑटो लिफ्टर राजेश, अवैध पिस्टल के साथ दीपक उर्फ टूंडा, अवैध शराब के साथ राकेश और एक घोषित बदमाश निखिल को गिरफ्तार किया है। शाहबाद डेरी थाना पुलिस ने भी एक घोषित बदमाश सुशील को गिरफ्तार किया है। वहीं, नारकोटिक्स सेल ने भी एक शराब तस्कर को दबोचा है। पुलिस ने आरोपियों के पास से दो हजार 950 शराब के अवैध क्वार्टर, एक पिस्टल और चोरी की बाइक बरामद की हैं। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। डीसीपी (आउटर-नॉर्थ) गौरव शर्मा के मुताबिक, इलाके में स्ट्रीट क्राइम, अवैध शराब, ड्रग्स व अन्य अपराधों को रोकने के लिए आउटर-नॉर्थ जिला पुलिस ने एक अभियान चलाया। अभियान के चलते जिले के सभी थानों ने अलग-अलग इलाके में पेट्रोलिंग व पिकेट लगाकर आरोपियों को पकड़ना शुरू किया। इसी बीच नरेला औद्योगिक क्षेत्र थाने में तैनात हेड कांस्टेबल प्रदीप और सचिन ने पेट्रोलिंग के दौरान एक ऑटो लिफ्टर राजेश को दबोचा।

खबर संक्षेप

एयरपोर्ट पर छूटे डेढ़ लाख रुपये लौटाये

नई दिल्ली। इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआई) मेट्रो स्टेशन पर एक बार फिर ईमानदारी का परिचय देते हुये सीआईएसएफ के जवानों ने एक यात्री के छूटे डेढ़ लाख रुपये वापस उसके मालिक को लौटा दिये। पीआरओ हेमेंद्र सिंह ने बताया कि 4 नवंबर को रात करीब साढ़े आठ बजे सब इंस्पेक्टर सुरजीत सिंह ने एक्सरे मशीन पर एक काले रंग का बैग पड़ा देखा। उन्होंने पहले आसपास के यात्रियों से उसके बारे में पूछा लेकिन कोई बैग को अपना बताकर आगे नहीं आया। बैग की जांच की गई तो उसमें डेढ़ लाख नकदी पाई गई। इसके बाद बैग को स्टेशन कंट्रोलर के पास जमा करवा दिया गया। रात्रि करीब सवा नौ बजे मणिपुर निवासी चंदन कुमार स्टेशन पर पहुंचा और बैग छूट जाने की सूचना दी। इसके बाद उन्हें बैग और रकम वापस की गई।

युवक युवती को कर रहा था परेशान, शिकायत लेकर घर पहुंचे परिजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

शिव विहार इलाके में दोस्ती जब दरार में बदल गई तो युवती ने युवक का साथ छोड़ दिया। युवक को यह बात नागवार लगी और उसने युवती को परेशान करना शुरू कर दिया। युवक की हरकतों से परेशान होकर युवती ने सारी आप बीती अपने परिजनों को बताई। इस पर युवती के परिजन युवक के परिवाल वालों से बात करने के लिए उसके घर गए। यहां युवती का भाई बार-बार युवक के बारे में पूछने लगा। इस पर युवक के पिता नाराज हो गए और दोनों परिजनों के बीच कहासुनी होने लगी। इसी बीच युवक के पिता ने हवाई फायरिंग कर दी। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आरोपी की सर्विस रिवॉल्वर को जब्त कर दोनों परिवार के कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस परिजनों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

खबर संक्षेप

11 को विशाल प्रदर्शन करेगी कांग्रेस

फरीदाबाद। विधानसभा चुनावों में 31 सीटें मिलने के बाद प्रदेश कांग्रेस में एक नए जोश का संचार हुआ है। इसी कड़ी में जिले के कांग्रेसियों की एक बैठक मंगलवार को सेक्टर-16 स्थित सर्किट हाऊस में आयोजित की गई। इस बैठक की विशेषता यह रही कि इसमें सभी नेता एकमत दिखाई दिए। बैठक के कन्वीनर पूर्व विधायक रघुबीर सिंह तेवतिया रहे, जबकि बैठक की अध्यक्षता पूर्व विधायक ललित नागर व कांग्रेसी नेता विजय प्रताप ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, अपराध व किसानों की समस्याओं जैसे ज्वंलत मुद्दों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा 11 नवंबर को एक विशाल धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान सेक्टर-10 स्थित कांग्रेस भवन में सभी कांग्रेसी एकजुट होंगे और वहां से जिला मुख्यालय के लिए कूच करेंगे।

त्रिखा को मिलेगा बेस्ट थियेटर प्रमोटर अवार्ड

गुरुग्राम। प्रसिद्ध रंगकर्मी विश्व दीपक त्रिखा को बेस्ट थियेटर प्रमोटर अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। 10 नवंबर को शिमला में आयोजित अखिल भारतीय नाट्य महोत्सव में सार्थक सांस्कृतिक संघ करनाल द्वारा उन्हें यह सम्मान दिया जाएगा। प्रत्येक वर्ष शिमला में आयोजित अखिल भारतीय नाट्य महोत्सव में रंगमंच के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले कलाकारों को सम्मान दिया जाता रहा है। हरियाणा के मेहनती रंगकर्मियों की जब चर्चा की जाए तो विश्व दीपक त्रिखा का नाम इस सूची में देखने को मिलता है। अपनी लग्न और जज्बे के कारण त्रिखा लम्बे समय से रंगमंच के क्षेत्र में अपनी एक विशेष पहचान बनाए हुए है। इस क्षेत्र में योगदान के कारण ही पूर्व में त्रिखा मैक के उपनिदेशक के पद पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

सगाई समारोह से दूल्हे के पिता का बैग चोरी

फरीदाबाद। थाना सदर एरिया स्थित सीकरी गांव के पास मैरिज फार्म हाउस में सोमवार रात लग्न-सगाई समारोह में दूल्हे के पिता का रुपयों से भरा बैग चोरी हो गया। बैग में करीब 6 लाख रुपये की रकम थी। समारोह संपन्न होने के बाद मामले की शिकायत पुलिस को दी गई। पुलिस के अनुसार सेक्टर-8 निवासी देवेंद्र सिंह ने दी शिकायत में बताया कि सोमवार रात को उसके बेटे का सीकरी गांव स्थित मैरिज फार्म हाउस में लग्न-सगाई समारोह आयोजित था। फार्म हाउस की ओर से उन्हें सामान रखने के लिए एक कमरा मिला था। जिसमें समारोह का सामान रखा हुआ था, वह भी सामान के साथ कमरे में मौजूद थे।

मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्मः मोतीलाल गुप्ता

फरीदाबाद। मानव सेवा ही सबसे बड़ धर्म है अगर आप जीवन में कुछ अच्छा करना चाहते हैं, तो मानव सेवा को ही अपना ध्येय बना लें। उक्त विचार साईधाम के फाउंडर चेयरमैन डॉ. मोतीलाल गुप्ता ने बोकारो स्टील सिटी के आदिवासी एवं गरीब लोगों को कपड़ों से भरा ट्रक रवाना करते हुए कहे। ट्रक में कपड़ों के 600 सेट एवं 2 हजार सैनेटरी पैडस भरकर रवाना किया गया। डा. मोतीलाल गुप्ता ने कहा कि साईधाम समय-समय पर देश के अलग-अलग हिस्सों में गरीब, असहायों एवं जरूरमंदों की सेवा के लिए तरह-तरह के प्रयास करता रहता है।

खुले में निर्माण सामग्री डालने वालों से निगम ने वसूले छह लाख रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

वायु प्रदूषण की आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए फरीदाबाद नगर निगम प्रशासन ने युद्धस्तर पर काम करते हुए प्रदूषण फैलाने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की।

निगमायुक्त सोनल गोयल ने सोमवार शाम सफाई व इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को मिलाकर 80 टीमों का गठन किया। टीम ने निर्माणाधीन भवनों और खुले में पड़ी हुई भवन सामग्री से संबंधित 371 निरीक्षण किए, जिसमें से दोषी पाए जाने पर 133 लोगों से 6,15,000 रुपये का जुर्माना वसूला गया।

कूड़ा डालने से संबंधित 147 स्थानों का निरीक्षण किया गया जिनमें से 82 लोगों के चालान किए गए। सात लोगों से कूड़ा जलाने के कारण 15000 रुपये का जुर्माना वसूला गया। इसके अलावा मुख्य-मुख्य सड़कों, रास्तों पर 25 पानी के टैंकरों से छिड़काव निरन्तर जारी है। पेड़ों पर जमीं हुई धूल-मिट्टी को साफ करने के लिए फायर बिग्रेड की गाड़ियों से छिड़काव का कार्य भी किया गया है।

निगम ने कचरा जलाने वाले सात लोगों के किए चालान

भाजपा विधायक ने लिखा पीएम को पत्र, कहा- कृत्रिम बारिश कराएं

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण से मंगलवार को थोड़ी राहत मिली, लेकिन कई इलाकों में यह अब भी बहुत खराब स्तर पर बना हुआ है। दिल्ली, गुड़गांव, नोएडा और गाजियाबाद में एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 400 के आसपास है। दिल्ली के लोधी रोड इलाके में प्रदूषक कण पीएम 2.5 के स्तर में सोमवार के मुकाबले 200 पॉइंट की कमी आई। वहीं, गाजियाबाद के भाजपा विधायक नंद किशोर गुर्जर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर वायुसेना की मदद से पानी का छिड़काव और कृत्रिम बारिश करने की अपील की।

प्रशासन का सहयोग करें लोगः निगमायुक्त

निगमायुक्त ने लोगों से अपील की है कि वे वायु प्रदूषण की आपात स्थिति से निपटने के लिए निगम प्रशासन का सहयोग करें और प्रदूषण फैलाने वाले लोगों की सूचना वीडियो व फोटो सहित निगम प्रशासन को अवश्य भेंजे जिससे कि निगम प्रशासन ऐसे तत्वों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई कर सकें।

कंबाइन मशीन पर भी पाबंदी लगी

फरीदाबाद। उपायुक्त अतुल कुमार ने तुरंत प्रभाव से समस्त फरीदाबाद जिला में फसल अवशेषों तथा पराली जलाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा दिया है। नियमावली के तहत जारी किए गए इन आदेशों में अब शाम 7 बजे से सुबह 10 बजे तक कंबाइन मशीन चलाने पर भी पाबंदी लगा दी गई है।

सिंचाई विभाग ने पुल निर्माण में बाधा बन रही झुग्गियों को किया जमींदोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

41 झुग्गियों पर चला विभाग का पीला पंजा

बल्लभगढ़ और सेक्टर छह को जोड़ने वाले पुल के निर्माण का रास्ता साफ करने के लिए सिंचाई विभाग के तोड़फोड़ दस्ते ने गुरूग्राम पुल के नहर के किनारे बनी झुग्गियों में बड़े पैमाने पर तोड़ की। तोडफोड़ दस्ते के साथ भारी पुलिस बल मौजूद था। जिसके कारण दस्ते ने बिना किसी विरोध के तोडफोड़ की कार्रवाई को आसानी के साथ अंजाम दे डाला। रास्ता साफ हो जाने के बाद अब यह पुल और सड़क इस महीने में बनकर तैयार हो जाएगी। अधिकतर लोग विभाग का नोटिस मिलने के बाद झुग्गी खाली करके अन्य स्थान पर चले गए थे।

- उपायक्त के आदेश पर हुई कार्रवाई
- चार नवंबर तक दिए थे खाली करवाने के आदेश
- सिंचाई विभाग ने सोमवार को करवाई थी कार्रवाई के संदर्भ में मुनादी
- अधिकतर लोगों ने खाली कर दी थीं झुग्गियां
- सुबह करीब 11 बजे पटेल नगर पहुंच गया था तोड़फोड़ दस्ता
- करीब तीन घंटे चली विभाग की कार्रवाई

फरीदाबाद। झुग्गियों को तोड़ता सिंचाई विभाग का तोड़फोड़ दस्ता।

बिना विरोध के हुई तोड़फोड़ की कार्रवाई

सिंचाई विभाग का तोड़ फोड़ दस्ता सुबह करीब 11 बजे पटेल नगर पहुंच गया था। दस्ते के साथ बल्लभगढ़ के तहसीलदार सुशील शर्मा ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में मौजूद थे। जबकि तोडफोड़ दस्ते का नेतृत्व सिंचाई विभाग के एसडीओ अरविंद शर्मा कर रहे थे। दस्ते के साथ भारी पुलिस बल भी मौजूद था। दस्ते ने सुबह करीब साढ़े 11 बजे तोड़ फोड़ की कार्रवाई शुरू कर दी। दस्ते की जेसीबी मशीनों ने एक के बाद एक झुग्गियों को गिराना शुरू कर दिया। इस दौरान दस्ते को किसी भी तरह के विरोध सामना नहीं करना पड़ा। करीब तीन घंटे तक चली इस कार्रवाई में दस्ते 41 झुग्गियों को रास्ते से हटा दिया।

उपायुक्त के आदेश पर कार्रवाई

जिला उपायुक्त ने बल्लभगढ़ के एसडीएम को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त इन झुग्गियों को चार नवंबर तक खाली करवाने के आदेश दिए थे। उपायुक्त की तरफ से की तरफ से हरी झंडी मिलने के बाद सिंचाई विभाग ने पटेल नगर की 41 झुग्गियों में रहने वाले लोगों को पिछले दिनों नोटिस दिए गए थे। जिसमें उन्हें चार नवंबर तक अपने अपने मकान खाली करने के आदेश दिए गए थे। नोटिस मिलने के बाद कुछ लोगों ने अपने मकान खाली करने शुरू कर दिए थे। लेकिन इसके बाद भी कुछ लोग यहां मौजूद रह गए थे। सिंचाई विभाग ने सोमवार को इलाके में लाउडस्पीकरों की मदद से मुनादी करवाई थी। मुनादी के सभी 41 झुग्गियों को लोग खाली कर अन्य स्थानों पर चले गए।

होंडा ने बाहर निकाले 2500 अस्थाई कर्मचारी

प्लांट के बाहर हंगामा भारी पुलिस बल तैनात

प्रबंधन व श्रमिकों के बीच बैठकों का दौर जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

मंदी की वजह से होंडा कंपनी ने अपने गुरुग्राम के मानेसर प्लांट से करीब 2500 कर्मचारियों को बाहर निकाल दिया है। निकाले गए सभी कॉन्ट्रैक्ट पर रखे गए कर्मचारी थे। कंपनी से निकाले जाने के बाद कर्मचारी विरोध में सड़क पर उतर आए हैं।

बाहर निकाले गए कर्मचारी होंडा प्लांट के बाहर जमा हो गए हैं और वो मैनेजमेंट के फैसले का लगातार विरोध कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक प्लांट के बाहर करीब 250 से ज्यादा कर्मचारी जमा हो गए हैं। मंगलवार सुबह से ही कंपनी प्रबंधन व श्रम विभाग के उप श्रमायुक्त अजय पाल डूडी की उपस्थिति में कंपनी प्रबंधन व होंडा मोटर्स एम्पलायज यूनियन के बीच बैठकों का दौर जारी रहा। और शाम तक दोनों पक्षों में किसी प्रकार का कोई समझौता नहीं हो पाया था। उधर जिला प्रशासन ने भी शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए बड़ी संख्या में प्रतिष्ठान के आस-पास पुलिस बल तैनात किया हुआ है, ताकि किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना घटित न हो सके। होंडा श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष कामरेड सुरेश गौड़ व श्रमिक संगठन एटक के जिला महासचिव कामरेड अनिल पंवार ने कंपनी प्रबंधन पर आरोप लगाते हुए कहा कि कंपनी प्रबंधन आर्थिक मंदी की आड़ में ठेकेदार के श्रमिकों को नौकरी से निकालने पर तुली हुई है। इससे पूर्व भी प्रबंधन बड़ी संख्या में ठेकेदार के श्रमिकों को नौकरी से निकाल चुकी है।

आपदा से निपटने को लेकर रैपिड एक्शन फोर्स का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

जिला में प्राकृतिक आपदा जैसे भूकंप, बाढ़ या कानूनी व्यवस्था बाधित होने की स्थिति उत्पन्न होने पर उससे निपटने की तैयारियों के चलते रैपिड एक्शन फोर्स के सदस्यों ने जिला के कई क्षेत्रों का दौरा किया। टीम के सदस्यों ने मुआयना कर जिले की भौगोलिक स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने उपायुक्त अमित खत्री से भी मुलाकात की और उनसे जिला संबंधी महत्वपूर्ण बिंदुओं के बारे में जानकारी हासिल की।

रैपिड एक्शन फोर्स की गतिविधियों के बारे में द्वितीय कमान अधिकारी केवल किशन ने बताया कि रैपिड एक्शन फोर्स की टीम द्वारा जिलों की भौगोलिक स्थिति की जानकारी प्राप्त करने के साथ-साथ वहां के प्रतिष्ठित लोगों, सार्वजनिक स्थानों जैसे रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, स्कूलों व कॉलेजों आदि में जाकर लोगों से मुलाकात की जा रही है। उन्होंने बताया कि रैपिड एक्शन फोर्स की टीम द्वारा जिला में विशेष रूप से दंगा नियंत्रण पर अध्ययन किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि दंगा नियंत्रण को लेकर रैपिड एक्शन फोर्स द्वारा जिलों में पहले से ही स्टडी की जाती है ताकि आपदा की स्थिति में दंगा नियंत्रित करने को लेकर आवश्यक कदम उठाए जा सकें। उन्होंने बताया कि टीम द्वारा 9 नवंबर तक जिले के कई क्षेत्रों सहित पुलिस थानों का दौरा किया जाएगा।

व्यापारी से दिन-दहाड़े एक लाख रुपये लूटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

सराय ख्वाजा थाना क्षेत्र के सेक्टर-37 में एक व्यापारी से मोटर साइकिल सवार दो बदमाशों ने एक लाख रुपये लूट लिए। व्यापारी के शोर मचाने के बाद जब तक लोग कुछ समझ पाते मोटर साइकिल सवार तेज गति से आंखों से ओझल हो गए। सेक्टर-37 स्थित भारतीय स्टेट बैंक में व्यापारी सुशील कुमार का खाता है। सेक्टर-37 स्थित उनके घर में निर्माण कार्य चल रहा है। इसके लिए वह बैंक से पैसे निकालने मंगलवार दोपहर को आए थे। उन्होंने अपने खाते से एक लाख रुपये निकाले। साइकिल लेकर वह बैंक से कुछ दूर ही गए थे कि पीछे से आ रहे दो मोटर साइकिल सवार युवकों ने उनके हाथ से रुपयों से भरा बैग लूट कर फरार हो गए। उन्होंने शोर मचा कर आरोपी युवकों को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह तेज गति से आंखों से ओझल हो गए। दोनों युवकों ने हेलमेट पहन रखा था। उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस शिकायत लेकर मामले की जांच कर रही है।

तीनों बदमाश पुलिस की गोली लगने से हुए घायल

अलग-अलग मुठभेड़ों में तीन बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गाजियाबाद

गाजियाबाद पुलिस ने सोमवार की देर रात में दो अलग-अलग मुठभेड़ों में तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। जबकि तीन बदमाश पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए। बदमाशों में दो बागपत तथा एक मेरठ निवासी हैं।

- बागपत व मेरठ के निवासी हैं बदमाश

एक बदमाश की गिरफ्तारी पर 25 हजार का इनाम घोषित था। पुलिस की गोलियों से तीनों घायल बदमाशों इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुठभेड़ में एक आरक्षी भी घायल हुआ है।

हरियाणा मार्का 403 पेटी अवैध शराब बरामद, तीन लोग पकड़े

नोएडा। थाना सेक्टर 58 पुलिस ने सोमवार रात गश्त के दौरान एक ट्रक से 403 पेटी अवैध शराब बरामद की और इस संबंध में तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। यह शराब हरियाणा से बिहार ले जाई जा रही थी। नगर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार रात गश्त पर निकले सेक्टर 58 थानाध्यक्ष शावेज खान को सूचना मिली कि कुछ लोग नोएडा के रास्ते एक ट्रक में तस्करी की शराब भरकर बिहार में बेचने के लिए ले जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस ने ट्रक को तलाशी के लिए रोका जिसमें 403 पेटी हरियाणा मार्का शराब बरामद हुई। ट्रक में सवार तीन लोगों मोनू, बृजेंद्र प्रताप सिंह तथा विजय जाट को गिरफ्तार कर लिया गया।

राशन कार्ड धारकों को अब सस्ते रेट पर मिलेगा बाजरा

फरीदाबाद। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन कार्ड धारकों को गेहूं और तेल के साथ बाजरा भी मिलेगा।

सरकार की ओर से यह व्यवस्था पहली बार की गई है। डिपो पर एक रुपए प्रति किलो की दर से बाजरा लोगों को उपलब्ध करवाया जाएगा। प्रति व्यक्ति एक रुपये किलो के हिसाब से तीन किलो बाजरा बांटा जाएगा। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की आरे से राशन डिपो पर बाजरा उपलब्ध करवाने के निर्देश जारी किए गए हैं। उच्च अधिकारियों की ओर से निर्देश प्राप्त होने के बाद विभाग ने बाजारा की लिफ्टिंग शुरू कर दी है। जिलें में करीब 690 राशन डिपो हैं।

इन पर दो लाख से अधिक कार्ड धारक है। इन सभी डिपो पर लाभार्थियों को एक रुपए किलो के हिसाब से तीन किलो बाजरा उपलब्ध करवाया जाएगा। बाकी बचे राशन में आटा बांटा जाएगा।

जल्द शुरू होगी वितरण प्रक्रिया:अधिकारी

इस बार राशन डिपो पर लाभार्थियों को आटा के साथ बाजारा भी मिलेगा। प्रति व्यक्ति तीन किलो बाजारा बांटा जाएगा। सभी डिपो पर जल्द वितरण प्रक्रिया शुरू की जाएगी। - हिमालय कौशिक उपनिरीक्षक, जिला खाद्य एवं आपूर्ति

न्यूज डायरी

ईको ग्रीन कर्मचारियों का धरना जारी

फरीदाबाद। ईपीएफ, ईएसआई की मांग को लेकर ईको ग्रीन कर्मचारियों द्वारा नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर 27 अगस्त से 30 अगस्त तक राज्यव्यापी हड़ताल की थी। सरकार व संघ का समझौता विगत 30 अगस्त हो गया। समझौते के अनुसार सभी कर्मचारी ड्यूटियों पर चले गए तथा सरकार ने उन्हें हड़ताल अवधि का वेतन भी दे दिया, लेकिन ईको ग्रीन कंपनी द्वारा लभगग 300 कर्मचारियों को वापस नहीं लिया गया। ईको ग्रीन के निष्कासित कर्मचारी, नगरपालिका कर्मचारी संघ के तत्वाधान में अपनी नौकरी बहाली की मांग को लेकर कर्मचारी नगर निगम मुख्यालय गेट पर दो महीन से बैठे है। शांतिप्रिय धरना चला रहे है।

जिलाधिकारी ने अपने ही अधिकारियों व कर्मचारियों पर ठोंक दिया आर्थिक दंड

गाजियाबाद । नए-नए क्रिएटिविटी करने में पहचान बनाने वाले जिलाधिकारी अजय शंकर पांडे ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में जल की बर्बादी होने पर कलेक्ट्रेट के अधिकारियों कर्मचारियों पर सामूहिक रूप से दस हजार रुपये का जुर्माना ठोक दिया। पांडे ने तत्काल यह जुर्माना कोष में जमा करा दिया। प्रत्येक अधिकारी से 100 तथा कर्मचारियों सें 70 रुपये वसूला गया। दरअसल जिलाधिकारी अजय शंकर पांडे मंगलवार की सुबह को साढ़े नौ बजे अपने दफ्तर पहुंचे पहले उन्होंने पूरे दफ्तर की खुद ही सफाई की उसके बाद कुछ देर के लिए विश्राम कक्ष में चले गए जैसे ही वह विश्राम कक्ष में पहुंचे तो उन्हें पानी के पानी गिरने की आवाज आई जिस पर उन्होंने कर्मचारियों को तलब किया कर्मचारियों ने बताया कि कलेक्ट्रेट की पानी की टंकी पिछले 10 मिनट से भर चुकी है और पानी बह रहा है उन्होंने गंभीरता से लिया और जल की बर्बादी मानते हुए अधिकारियों कर्मचारियों पर सामूहिक रूप से दस हजार रुपये का जुर्माना कर दिया।

बेरोजगारी भत्ता के लिए आवेदन आमंत्रित

गुरुग्राम। मंडल रोजगार कार्यालय गुरुग्राम द्वारा शिक्षित बेरोजगार प्रार्थियों के बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने के लिए नवंबर माह में आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। मंडल रोजगार कार्यालय की उप निदेशक सुमन गहलोत ने बेरोजगारी भत्ता संबंधी शर्तों का उल्लेख किया। जिसमें आवेदक की आयु 21 से 35 वर्ष के बीच व जिले का रिहायशी प्रमाण पत्र या डोमिसाइल होना अत्यंत आवश्यक है। इसके साथ ही आवेदक के पास एक नवंबर 2019 को तीन वर्ष पुराना पंजीकरण होना चाहिए। उन्होंने बताया कि इस योजना का लाभ उठाने के लिए आवेदक के परिवार की सभी स्रोतों से वार्षिक आय तीन लाख रुपए से अधिक की नही होनी चाहिए। इसके अलावा, आवेदक की रिहायशी व कमर्शियल सम्पत्ति की कीमत 10 लाख से अधिक नही होनी चाहिए अथवा कृषि भूमि दो हेक्टयर से अधिक नही होनी चाहिए। आवेदक की योग्यता 12 वीं पास या 10वीं पास के बाद दो साल का कोर्स उत्तीर्ण करने संबंधी प्रमाण पत्र होना चाहिए। आवेदक वर्तमान में विद्यार्थी या प्रशिक्षणार्थी या अप्रेंटिस नही होना चाहिए। यदि आवेदक महिला शादी शुदा है तो ऐसी स्थिति में उसके ससुराल पक्ष के परिवार पर नियम व शर्तें लागू होंगी। शादीशुदा महिला के माता-पिता या भाई बहन का परिवार पर यह शर्त लागू नही होगी।

स्वच्छता सर्वेक्षण-2020 की लचर तैयारियों पर महापौर ने जताई चिंता

स्वच्छता पर महापौर व नगरायुक्त में टकराव

एजेंसी ▶▶| गाजियाबाद

- बीते साल गाजियाबाद निगम स्वच्छता में देश भर में 13वें नंबर और यूपी में नंबर-1 पर था

शहर में गंदगी और व्यापारियों पर जुर्माना लगाए जाने की कार्रवाई को लेकर महापौर और नगरायुक्त आमने-सामने आ गए हैं। स्वच्छता सर्वेक्षण-2020 की लचर तैयारियों को लेकर महापौर ने भी इस बार गाजियाबाद की रैंकिंग बेहद नीचे खिसकने की आशंका जताई है। उन्होंने निगम अधिकारियों की कार्यप्रणाली को ही कटघरे में खड़ा किया है। महापौर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर सात प्वाइंट को उजागर किया है। मेयर की कड़ी चिट्ठी पर अब मंडलायुक्त अनीता सी मेश्राम ने डीएम और नगरायुक्त को सफाई में सुधार के निर्देश दिए हैं।

स्वच्छता सर्वेक्षण शुरू हो चुका है, लेकिन नगर निगम की तैयारी इस बार बेहद कमजोर हैं। महापौर आशा शर्मा ने मुख्यमंत्री को भेजी गई चिट्ठी में कहा है कि स्वच्छता की स्थिति गाजियाबाद में दिन-प्रतिदिन खराब होती जा रही है। रिहाइशी इलाकों पहले कूड़ा नजर नहीं आता था, अब ढेर लगे रहते हैं। अधिकांश नाले गंदगी से भरे हुए हैं और पार्षद भी इसकी लगातार शिकायत कर रहे हैं। नगर निगम ने पूर्व में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए गाड़ियां लगाई थीं, अब यह गाड़ियां सप्ताह में एक या दो दिन ही कॉलोनियों में पहुंच रही हैं। महापौर ने कहा है कि गीला और सूखा कूड़ा अलग-अलग करने के नियमों का पालन भी नाम मात्र को हो रहा है। इस संबंध में नगरायुक्त को पत्र भेजे गए हैं, लेकिन उन पर कार्य नहीं हो रहा। महापौर ने कड़ी आपत्ति जताते हुए लिखा है कि 8-9 माह में उन्होंने सुझाव और निर्देश पत्रों के माध्यम से और व्यक्तिगत तौर पर दिए हैं, लेकिन इनमें से न तो किसी पत्र का अधिकारियों ने जवाब दिया और न ही कार्रवाई की। इस मामले पर पूर्व में कार्यकारिणी और बोर्ड बैठक में प्रस्ताव भी पारित हुआ था, 15 दिन में अधिकारियों को जवाब देना था, लेकिन नहीं दिया। सदन की गरिमा का भी सम्मान नहीं किया जा रहा है। शहर के विकास कार्यों की गति बेहद धीमी है और पार्षदों में रोष है। महापौर ने प्लास्टिक के नाम पर जुर्माना करने की आड़ में व्यापारियों से अवैध उगाही किए जाने का आरोप भी अधिकारियों पर लगाया है। इससे व्यापारियों में भी रोष है।

निगम में दूसरे अधिकारी को भेजने की मांग की

महापौर आशा शर्मा ने शहर की बदहाल स्थिति पर चिंता ही नहीं जताई है, बल्कि शहर की स्वच्छता रैंक बिगड़ने पर उसकी छवि बिगड़ने की भी चिंता जताई है। उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि गाजियाबाद की दुर्दशा होने से बचाएं और नगर निगम में किसी अन्य सक्षम अधिकारी की तैनात की जाए। उन्होंने कहा है कि स्वच्छ भारत मिशन में गाजियाबाद के रैंक गिरने पर शहर की छवि खराब हो जाएगी। बीते साल गाजियाबाद नगर निगम स्वच्छता की परीक्षा में देश भर में 13वें नंबर और यूपी में नंबर-1 पर था।

'बदतर हो रही स्थिति'

स्वच्छता के मामले में शहर की स्थिति बदतर होती जा रही है। अधिकारियों को सफाई और कार्यप्रणाली में सुधार के जो निर्देश दिए जाते हैं उनका पालन नहीं हो रहा। मुख्यमंत्री के साथ-साथ नगर विकास मंत्री आशुतोष टंडन, गाजियाबाद के प्रभारी मंत्री सुरेश कुमार खन्ना और नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव को भी पत्र भेजकर स्थिति से अवगत कराया गया है। - आशा शर्मा, महापौर

अलग परीक्षा देने से रोकने वाले तीनों प्रोफेसर सस्पेंड

रेवाड़ी। रेवाड़ी गैंगरेप पीड़िता को अलग कमरे में परीक्षा देने से रोकने और मानसिक प्रताड़ित करने के मामले में हायर एजुकेशन डिपार्टमेंट ने तीन प्रोफेसरों को सस्पेंड कर दिया है। डीसी द्वारा गठित कमेटी ने मामले की जांच की थी। उसी रिपोर्ट के आधार पर यह कार्रवाई की गई है।

वर्ष 2018 में गैंगरेप की जघन्य घटना के बाद पीड़िता की कोचिंग प्रभावित हुई थी। काउंसलिंग के बाद कोसली क्षेत्र के नाहड़ सरकारी कॉलेज में बीएससी कोर्स में उसका दाखिला कराया गया था।

18 मई को उसके दूसरे सेमेस्टर के केमेस्ट्री का पेपर होना था। यहां पीड़िता ने कॉलेज से अनुमति लेकर अलग कमरे में पुलिस सुरक्षा के बीच पेपर देने की बात कही थी।

आउटसोर्सिंग पर लगी महिलाकर्मियों को मातृत्व अवकाश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा सत्र के दूसरे दिन सदन में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा का मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने जवाब दिया। इस दौरान उन्होंने कई बड़े ऐलान भी किए। मुख्यमंत्री ने विधानसभा में कहा कि प्रदेश में आउटसोर्सिंग पर काम कर रही महिलाओं को भी मातृत्व अवकाश दिया जाएगा, गांव की आबादी वाले क्षेत्र से शराब के ठेके बाहर होंगे। वहीं, प्रदेश में कैंसर रोगी को सहायक के साथ हरियाणा रोडवेज की बस में फ्री यात्रा की सुविधा दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार इसी सप्ताह यह आदेश जारी कर देगी। मुख्यमंत्री ने सदन में विपक्ष द्वारा उठाए गए सवालों का जवाब भी दिया और सभी विधायकों से कहा कि वे सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें।

सदन में सीएम बोले-गांव में आबादी से बाहर होंगे शराब के ठेके

- हर हलके के विकास के लिए पांच करोड़ रुपये देने का ऐलान किया
- कैंसर रोगी को सहायक के साथ हरियाणा रोडवेज की बस में फ्री यात्रा की सुविधा मिलेगी
- सरकार पंद्रह दिन में तैयार करेगी कॉमन मिनिमम प्रोग्राम



कॉमन मिनिमम प्रोग्राम पर विज की अध्यक्षता में कमेटी बनेगी

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि हमारी सरकार 15 दिनों में कॉमन मिनिमम प्रोग्राम तैयार कर लेगी। इसके लिए अनिल विज की अध्यक्षता में कमेटी बनाई जाएगी। इस कमेटी में पांच सदस्य होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार किसान कृषि को लेकर बेहद गंभीरता और ईमानदारी से काम कर रही है। समाज निर्माण और व्यक्ति निर्माण के लिए सभी को आगे आना चाहिए। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि सदन को गुमराह करने वाले आंकड़े नहीं रखने चाहिए। सीएम ने कांग्रेस पर हमला बोला और कहा कि ऐसे वादे नहीं करने चाहिएं जो भ्रमित करने वाले हों। हमारी सरकार प्रदेश के हर हलके का समान विकास करेगी।

वर्ष 2022 तक किसानों की आय होगी दोगुनी : सत्यदेव

- 12वीं कक्षा तक छात्रों को फ्री शिक्षा दी जाएगी
- छात्राओं को फ्री सेनेट्री पैड उपलब्ध कराए जाएंगे
- हर परिवार को बेहतर चिकित्सा सुविधा देंगे

विधानसभा में राज्यपाल ने अभिभाषण में कहा कि प्रदेश सरकार 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि कृषि का विकास और किसानों का कल्याण राज्य सरकार के प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक है। अब अमरूद, गाजर और मटर को भी भावान्तर भरपाई योजना के अंतरर्गत लाया जाएगा। विशेष मंडियां स्थापित होंगी। इनमें गुरुग्राम में फूलों की मंडी, सोनीपत में मसालों की मंडी और गन्नौर में अंतरराष्ट्रीय बागवानी मंडी के विकास की गति को और तेज किया जाएगा। 2020 तक सभी मानवरहित रेलवे क्रॉसिंग को खत्म किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा शिक्षा का अधिकार नियम 2009 की तर्ज पर पहली से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षा दी जाएगी। 6ठी से 12वीं तक की छात्राओं को हर महीने छह सेनेट्री पैड का एक पैकेट मुफ्त दिया जाएगा। सभी परिवारों को निःशुल्क उच्च स्तरी चिकित्सा सुविधाएं दी जाएंगी।

जींद: डिग्री न डिप्लोमा, अवैध रूप से चल रहा गोरखधंधा

अवैध गर्भपात मामले में पांच लोगों पर केस दर्ज

- चिकित्सक दंपति समेत पांच लोगों के खिलाफ एनडीपीएस, एमटीपी, आईएमसी एक्ट, धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं में कार्रवाई की जा रही

जींद। हकीकत नगर में अवैध प्रसूति गृह चलाने वाली महिलाओं से पूछताछ करती स्वास्थ्य विभाग की टीम ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

यौन शोषण की शिकार हुई नाबालिग युवती का अवैध गर्भपात करने तथा गर्भपात में सहयोग करने वाले निजी चिकित्सालय चलाने वाले चिकित्सक दंपत्ति समेत पांच लोगों के खिलाफ सिविल लाइन थाना पुलिस ने एनडीपीएस, एमटीपी, आईएमसी एक्ट, धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज किया है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गोहाना रोड के सील किए गए चिकित्सालय को खोला तो वहां पर एमटीपी किट व प्रतिबंद्धित दवाईयां बरामद हुई। जबकि हकीकत नगर का अवैध प्रसूति गृह अभी भी सील है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

यह है मामला

शहर थाना इलाके की यौन शोषण का शिकार हुई एक नाबालिग युवती का गत 21 अक्टूबर अवैध रूप से गर्भपात करवाया गया था। महिला थाना पुलिस ने युवती की शिकायत पर मौहल्ले के ही राकेश के खिलाफ यौन शोषण, नशीला पदार्थ, गर्भपात करवाने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया था।

जांच में सच्चाई सामने आई

नाबालिग युवती का अवैध रूप से गर्भपात करवाए जाने का मामला सामने आने पर स्वास्थ्य विभाग का अमला सक्रिय हुआ। स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डा. प्रभूदयाल के नेतृत्व में मामले की रिर्वस जांच हुई तो सामने आया कि नाबालिग युवती का गर्भपात गोहाना रोड के अनमोल जीवन अस्पताल में करवाया गया था। इससे पूर्व भी युवती को गर्भपात की दवाई दी गई थी और वह कैथल रोड के भारत अस्पताल और हकीकत नगर घर में चल रहे अवैध प्रसूति गृह में भी गई थी। जहां पर युवती को दवाइयों के साथ-साथ सलाह भी दी गई थी।

अस्पताल का संचालक 12वीं पास था

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जब गोहाना रोड के अनमोल जीवन अस्पताल पर छापा मारा तो उसका संचालक गांव मनोहरपुर निवासी डॉ. नरेश फरार हो चुका था। 12वीं कक्षा पास नरेश के पास न कोई डिग्री और न ही कोई डिप्लोमा है। उसके अस्पताल में एमटीपी किट के अलावा प्रतिबंद्धित दवाईयां भी छापामार टीम ने बरामद की। इसी प्रकार आठवीं तक पढ़ी लिखी हकीकत नगर निवासी सुंदरलाल की पत्नी कमलेश तथा उसकी पुत्रवधु ममता घर में ही अवैध रूप से प्रसूति गृह चलाए हुए थी।

इन लोगों पर दर्ज हुआ मामला

सिविल लाइन थाना पुलिस ने स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. प्रभु दयाल की शिकायत पर अनमोल जीवन अस्पताल के संचालक गांव मनोहरपुर निवासी डा. नरेश, कैथल रोड भारत अस्पताल के संचालक डॉ. सोनू अहलावत, उसकी पत्नी डा. पूजा अहलावत, हकीकत नगर निवासी कमलेश तथा उसकी पुत्रवधु ममता के विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज किया है।

किट मिली थी

नाबालिग युवती का अवैध गर्भपात में संलिप्ता पाई गई। छापेमारी के दौरान एमटीपी किट, प्रतिबंद्धित दवाइयां भी बरामद हुई। जिस पर पांच लोगों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई की सिफारिश की गई थी। जिसके आधार पर पुलिस ने चिकित्सक दंपत्ति समेत पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।
-डॉ. प्रभू दयाल, नोडल अधिकारी

झज्जर में सीआरपीएफ के पूर्व कमांडेंट समेत तीन की मौत

तेज रफ्तार हाईवा ने बाइक को टक्कर मारी

झज्जर। शहर में डाईवर्सन मार्ग पर मंगलवार सुबह अर्धसैनिक बलों की कैंटीन के पास हुई भीषण सड़क दुर्घटना में सीआरपीएफ के पूर्व कमांडेंट सहित तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा हाईवा गाड़ी द्वारा बाइक को टक्कर मारने से हुआ। इस हादसे में हाईवा भी अनियंत्रित होकर ड्रेन में जा गिरा। जिसके चलते हाईवा चालक की भी मौत हो गई। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और हाईवा गाड़ी को ड्रेन से बाहर निकाला। बाद में डीएसपी शमशेर सिंह और तहसीलदार भी मौके पर पहुंचे।

हादसे में इनकी मौत

मृतक की पहचान सीआरपीएफ के पूर्व कमांडेंट सुरेश फौगाट, बीएसएफ से सेवानिवृत एएसआई जगबीर सहरावत और हाईवा चालक विक्रम के तौर पर की गई है।

स्मॉग का असर: शादी से लौट रहे कपड़ा व्यापारी की डस्टर कार कैंटर से टकराई, परिवार के चार सदस्यों की मौत

भवानीगढ़ (संगरूर)। संगरूर जिले में सुनाम-भवानीगढ़ मेन रोड पर सोमवार रात करीब 12 बजे सड़क हादसे में एक ही परिवार के चार सदस्यों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की वजह स्मॉग को बताया जा रहा है, जो उस वक्त हुआ, कपड़ा व्यापारी का परिवार भवानीगढ़ में एक विवाह समागम में शिरकत करने के बाद डस्टर गाड़ी में सवार होकर सुनाम वापस लौट रहा था। उनकी कार सड़क किनारे खड़े एक खराब कैंटर से पीछे से टकरा गई। हादसे में सुनाम के कपड़ा व्यापारी, उनकी पत्नी, पुत्र व मासूम पोती की मौके पर मौत हो गई। मृतकों के शव पोस्टमॉर्टम के लिए सिविल अस्पताल संगरूर लाए गए। कपड़ा व्यापारी हरीश कुमार अपनी डस्टर गाड़ी में पत्नी मीना रानी, बेटा राहुल कुमार (20) व चार वर्ष की पोती मान्या के साथ वापस सुनाम वापस लौट रहे थे।

डेढ़ लाख की रकम से भरा थैला लौटाया

नारनौल। बिजली निगम के सिंघाना रोड कार्यालय में एक उपभोक्ता का पैसों से भरा थैला गिर गया। यह थैला करीब एक घंटे तक पड़ा रहा। इस थैले पर एएलएम संतोष कुमार का ध्यान गया और उसने उठाकर अपने पास रख लिया। आस-पास किसी का पैसों से भरा थैला गायब होने के बारे में पूछताछ भी की। इसके बाद एक बिजली उपभोक्त वहां आया। उसने थैले व पैसों की पहचान बताई। इसके बाद यह थैला एएलएम ने ईमानदारी का परिचय देते हुए उपभोक्ता को वापस लौटा दिया। कार्यकारी अभियन्ता बिजली बोर्ड सिंघाना रोड पर गांव कारोता निवासी उपभोक्ता मुकेश चौधरी के 1 लाख 50 हजार रुपये गिर गए।

AAR SHYAM INDIA INVESTMENT COMPANY LIMITED
Regd. Office: B-42, Lower Ground Floor, Panchsheel Enclave, New Delhi - 110017
CIN: L67120DL1983PLC015266
Tel: 011-45626909,
Email: info@aarshyam.in

NOTICE OF BOARD MEETING

Notice is hereby given that pursuant to Regulation 29, of the Securities and Exchange Board of India (LODR) Regulations, 2015, a meeting of the Board of Directors of the company is scheduled to be held on Thursday, 14th November, 2019 at 3:00 P.M. at the registered office of the ccmpany at B-42, Lower Ground Floor, Panchsheel Enclave, New Delhi - 110017 to inter-alia, consider and approve the Unaudited Financial Results of the Company for the Quarter ended on 30th September, 2019.

Further, in accordance with Code of Conduct for Prevention of nsider Trading framed by the Company pursuant to the SEB (Prohibition of Insider Trading) Regulations, 2015, the trading window for dealing in the shares of the Company for all Directors/Officers/Designated Employees of the Company, shall remain closed for the purpose of declaration of Unaudited Financial Results of the Company for the Quarter ended on September 30, 2019 from 1st October, 2019 to 16th November, 2019 (both days inclusive).

For Aar Shyam India Investment Co. Ltd.
Sd/-
Place: New Delhi — Dinesh Kumar
Date: 05.11.2019 — Chief Financial Officer

गुमशुदा/अपहृत लड़की की तलाश

मनिषा

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की (फोटो में दिखाई गई) जिसका नाम मनिषा **D/o** पीतामबर साहनी **R/o** राम किशन का मकान, गाँव हामिदपुर, अलिपुर, दिल्ली **उम्र** 11 साल, जो कि 24.09.2019 से लापता है। इस बाबत **FIR No. 394/19 दिनांक 26.09.2019** थाना अलिपुर, दिल्ली में दर्ज है। इसका शारीरिक ब्यौरा इस प्रकार है:
रंग: सांवला, **कद:** 4'6", **चेहरा:** गोल, **शरीर:** पतला, जिसने संतरी रंग का सूट व सलवार व चप्पल पहनी है।
अगर किसी व्यक्ति को इस लापता/अपहृत लड़की के बारे में कोई जानकारी/सूचना मिले तो थानाध्यक्ष अलिपुर, दिल्ली को ई-मेल: cic@cbi.gov.in और वेबसाइट : http://cbi.nic.in पर सूचित करने की कृपा करें।
हस्ता/-
फोन नं.: 011-24368638, 24368641 — थानाध्यक्ष: अलिपुर, दिल्ली
फैक्स नं.: 011-24368639 — फोन: 011-011-27202290, 27708515
DP/688/ON/19 — मो.: 7065036325

केन फिन होम्स लिमिटेड
Can Fin Homes Ltd (Sponsor: CANARA BANK)
एसएल टावर, शॉप नंबर 4, चतुर्थ तल, अल्फा-1, ग्रेटर नोएडा (यूपी), 0120-44569974 / 7625079164
ई-मेल : greaternoida@canfinhomes.com
CIN : L85110KA198PLC008699

कब्जा सूचना [नियम 8(1)]

अधोहस्ताक्षरी ने केन फिन होम्स लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के अधीन और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (2) के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए एक मांग सूचना दिनांकित 10-08-2019 जारी की थी जिसमें कर्जदार श्रीमति ज्योति चौहान एवं श्री दीलिप सिह चौहान से सूचना में वर्णित बकाया राशि रू. 15,98,134/- तथा 01.06.2019 से अंतिम भुगतान की तिथि तक ब्याज का भुगतान उक्त सूचना की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।
कर्जदार उक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा दिनांक 01 नवम्बर, 2019 को प्राप्त कर लिया है।
कर्जदार का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।
विशेष रूप से कर्जदार को तथा सामान्य रूप से जनसाधारण को इस संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और संपत्तियों के संबंध में कोई भी संव्यवहार सीएफएचएल की बकाया राशि रू. 15,98,134/- और उस पर ब्याज के प्रभाराधीन होगा।

अचल सम्पत्ति का विवरण
फ्लैट नं. टी एफ-2, तीसरा तल(आर,एच.एस साईट), खसरा नं. 1472, प्लॉट नं. 17, बालाजी एन्कलैव, रइसपुर, डासना, गाजियाबाद-201009
चौहद्दी : उत्तर : प्लाट नं. के-16, दक्षिण : प्लाट नं. के-18,
पश्चिम : रास्ता 25 फीट, पूर्व : अन्य प्लाट

हस्ता./-
तिथि : 05.11.2019 — प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : ग्रेटर नोएडा — केन फिन होम्स लिमिटेड

राज्य निर्वाचन आयोग, हरियाणा
निर्वाचन सदन, प्लॉट नं. 2, सेक्टर-17, पंचकूला

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को यह सूचित किया जाता है कि सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 4(1)(बी) के तहत प्रावधान के सम्बन्ध में राज्य निर्वाचन आयोग, हरियाणा की अद्यतन जानकारी आयोग की अधिकारिक वेबसाइट अर्थात् www.secharyana.gov.in पर उपलब्ध है।

दिनांक, पंचकूला 04 नवम्बर 2019 — हस्ता/- सहायक राज्य निर्वाचन आयुक्त, हरियाणा

आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस आगार में कार्यरत श्री जय सिंह चालक सं. 04 सुपुत्र श्री बीर सिंह गांव डा. भावड़, जिला सोनीपत जोकि दिनांक 03.11.2018 से 12.06.2019 तक अनुपस्थित समय के केस में नियमानुसार विभागीय कार्यवाही करने उपरांत जांच अधिकारी द्वारा दोषी पाये जाने पर उसे दिनांक 03.11.2018 से 12.06.2019 तक अनुपस्थित समय को बिना वेतन करते हुये सेवाएं समाप्त करने बारे कारण बताओ नोटिस इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 3259/ईए/ईसीडी दिनांक 11.10.2019 को जारी किये गये थे लेकिन कर्मचारी द्वारा अभी तक नोटिस का कोई उत्तर नहीं दिया है तथा दिनांक 16.08.2019 से लगातार अपने कार्य से अनुपस्थित रहने पर इस कार्यालय के यादि क्रमांक 2666/ईसीडी दिनांक 09.09.2019 के द्वारा नियम 2016 के 4 बी के तहत आरोप पत्र जारी किया गया था। जिसका जवाब अभी तक नहीं दिया है और न ही अपने कार्य पर उपस्थित हुये हैं।

अतः उक्त कर्मचारी को समाचार-पत्र के माध्यम से सेवा समाप्त व बिना वेतन करने बारे कारण बताओ नोटिस जारी करते हुये सूचित किया जाता है कि वह एक सप्ताह के अंदर-अंदर अपना कार्यग्रहण कर लें तथा अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करें, अन्यथा यह समझा जाएगा कि आप इस विषय में कुछ नहीं कहना चाहते तथा सेवा करने के इच्छुक नहीं है और कार्यग्रहण न करने की अवस्था में एक तरफा कार्यवाही करते हुये आपके विरूद्ध नोटिस में दर्शाई गई सजा की पुष्टि कर दी जाएगी।

हस्ता/- महाप्रबंधक,
हरियाणा राज्य परिवहन, रोहतक

बी.के.एन. राजकीय बहुतकनीकी, नारनौल

कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय के तहत बहुतकनीकियों के माध्यम से सामुदायिक विकास योजना (सीडीटीपी) भारत सरकार

निम्नलिखित पदों हेतु पूर्णतया अनुबंध आधार पर केवल छह माह हेतु नीचे दिये गये विवरण के अनुसार आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं :-

क्र. सं.	पद का नाम	पद की सं.	अपेक्षित योग्यताएं
1.	कम्यूनिटी डॅवलपमेंट कंसलटेंट	01	सामाजिक कार्य / ग्रामीण विकास / कृषि / कृषि विस्तार अथवा सामाजिक विज्ञानों की किसी अन्य शाखा में द्वितीय श्रेणी में स्नातकोत्तर डिग्री। अथवा सामुदायिक विकास / ग्रामीण विकास से सम्बन्धित कार्य में दो वर्ष के अनुभव सहित इंजीनियरिंग / टेक्नोलॉजी की किसी भी शाखा में द्वितीय श्रेणी में डिप्लोमा।
2.	जूनियर कंसलटेंट	01	इंजीनियरिंग अथवा टेक्नोलॉजी की किसी भी शाखा में न्यूनतम द्वितीय श्रेणी में डिप्लोमा। अथवा उद्योग / ग्रामीण विकास / सामुदायिक विकास कार्य में एक वर्ष के अनुभव सहित किसी संकाय में द्वितीय श्रेणी स्नातक डिग्री।

आवेदन सम्बन्धित दस्तावेजों के साथ सादे कागज पर प्राचार्य बी.के.एन. राजकीय बहुतकनीकी, नारनौल के कार्यालय में 28.11.2019 तक अप. 4.00 बजे तक जमा करवाया जा सकता है। अधिक विवरण और अन्य जानकारी हेतु बी.के.एन. राजकीय बहुतकनीकी, नारनौल में पधारें। साक्षात्कार 29.11.2019 को पूर्वा. 11.00 बजे प्राचार्य के कार्यालय में आयोजित किया जाएगा। साक्षात्कार में उपस्थित होने हेतु किसी टी.ए./डी.ए. का भुगतान नहीं किया जाएगा।
वेतन का भुगतान सीडीटीपी योजना / हरियाणा सरकार के नियमों के अनुसार किया जाएगा।

हस्ता/- प्राचार्य
बी.के.एन. राजकीय बहुतकनीकी, नारनौल
सम्पर्क नं. 01282-250302

सुदीप भोला बृज शुक्ल घायल स्मृति सम्मान से नवाजे गए

नई दिल्ली। हास्य व्यंग्य कवि सुदीप भोला को दिल्ली स्थित हिन्दी भवन के सभागार में साहित्य प्रेमी मण्डल एवं डायमंड बुक्स के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित समारोह में बृज शुक्ल घायल स्मृति काव्य रत्न सम्मान प्रदान किया गया। समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. कुंअर बेचैन ने की। समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में, श्रीराम निवास गोयल, अध्यक्ष, विधानसभा, दिल्ली और वरिष्ठ ओजस्वी कवि डॉ. हरिओम पंवार उपस्थिति रहे। इस अवसर पर श्रीराम निवास गोयल जी ने कहा कि कविवर ब्रज शुक्ल घायल ने निरंतर, निस्वार्थ भाव से हिन्दी साहित्य की सेवा की, अनेक कविताओं का सर्जन किया और अनेक साहित्यकारों को सम्मानित किया। उनके नाम का सम्मान मिलने पर मैं कविवर सुदीप भोला को हृदय से बधाई देता हूं। डॉ. हरिओम पंवार ने कहा कि मैंने अनेक समारोहों में स्वयं उपस्थिति रहकर घायल जी को निरंतर साहित्य साधना में रत देखा है। वह एक सच्चे हिन्दी सेवी थे। समारोह के अध्यक्ष वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. कुंअर बेचैन ने कहा कि घायल जी हिन्दी के एक चलते-फिरते संस्थान थे। उन्होंने अपनी साहित्यिक सेवाओं से समाज में जो रोशनी फैलाई उसकी मिसाल मिलना बहुत मुश्किल है । वरिष्ठ

वाजलकार मंगम नसीम ने कहा कि घायल जी के दिल्ली आने के बाद हमारे क्षेत्र में जिस तरह की साहित्यिक गतिविधियाँ आयोजित हुईं उन्हें जीवन भर नहीं भुलाया जा सकता । इस अवसर पर डायमंड बुक्स द्वारा प्रकाशित डॉ. प्रवीण शुक्ल के काव्य-संग्रह "आकाश देखते हुए" का भव्य विमोचन हुआ । लेखक और समीक्षक अनिल जोशी ने कहा कि डॉ. प्रवीण शुक्ल की कवितायेँ आज के दौर की सामाजिक विसंगतियों को तो रेखांकित करती ही हैं , साथ ही साथ हृदय के अनेक इन्द्रधनुषी भावों को भी प्रकट करती हैं । इस अवसर पर अमेरिका से पधारे वरिष्ठ साहित्यकार अनूप भार्गव, वरिष्ठ कवि एवं वाजलकार मंगल नसीम, हिन्दी अकादमी के सचिव डॉ. जीतराम भट्ट, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. हरीश नवल, लेखक और समीक्षक अनिल जोशी, वरिष्ठ साहित्यकार जय प्रकाश शर्मा की गरिमामय उपस्थिति रही । डायमंड बुक्स के चेयरमैन नरेन्द्र वर्मा ने सभी उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया । इस समारोह में हास्य-व्यंग्य एवं गीत विधा में श्री सुदीप भोला, गीत और वाजल विधा में सुश्री डॉ रुचि चतुर्वेदी, हास्य-व्यंग्य में श्री दीपक पारीक, गीत विधा में श्री उत्कर्ष अग्निहोत्री और ओज विधा में श्री अभय निर्भीक ने काव्य पाठ किया । मंच का संचालन कवि विनीत चौहान और डॉ. प्रवीण शुक्ल ने किया । संस्था के अध्यक्ष श्री सूबे सिंह पराशर, उपाध्यक्ष श्री राजेश कुमार ने सभी का धन्यबाद व्यक्त किया। लगभग 70 साहित्यिक संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं अनेक पत्रकार, कवि और साहित्यकार उपस्थित थे। समारोह में निरंजन सिंह त्यागी, संदीप शजर, योगेंद्र सुंदरियाल, शशि कान्त भारती, दिनेश शर्मा, पूनम माटिया , पी. के. आजाद, सुरेन्द्र वर्मा , बी. डी. शर्मा, सुरेश पाल जसाला, मयंक राजेश, डी पी. सिंह, मीरा शलभ, डॉ. तारा गुप्ता, अनिमेष शर्मा, रसिक गुप्ता, निर्दोष शर्मा और दुर्गेश अवस्थी ने कविवर ब्रज शुक्ल घायल को श्रद्धा सुमन समर्पित किए।

कॉरिडोर से भाईचारे में दरार पैदा करना पाक का मकसद

चंडीगढ़। करतारपुर कॉरिडोर बनाने के फैसले के पीछे सिख भाईचारे में दरार पैदा करना पाक का मकसद है। सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह ने एक बार फिर सोमवार को पाक की छिपी मंशा पर निशाना साधते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि सिख भाईचारा पिछले 70 सालों से पवित्र करतारपुर साहिब के दर्शनों के लिए गलियारा खोलने की मांग कर रहा था, परन्तु पाक द्वारा अचानक इस मांग को मान लेना उसके छिपे इरादों की ओर संकेत करता है। पाक का मकसद सिखों की धार्मिक भावनाओं का शोषण करके भाईचारे में दरार पैदा करना है। उन्होंने कहा कि पड़ोसी मुल्क के अपवित्र इरादों के विरुद्ध हमें चौकस रहने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि पाकिस्तान गलियारे के रास्ते कोई गलती करने की हिम्मत रखता है परन्तु एक सरहदी राज्य होने के नाते पंजाब को हर समय चौकस रहना होगा।

मनोहर-हुड्डा सहित पहुंचे दिग्गज, अभय नहीं आए

चंडीगढ़। इनेलो पार्टी से निकलकर अपनी जननायक जनता पार्टी बनाई। जजपा ने पहला विधानसभा चुनाव लड़ा और दस सीट जीतकर सरकार से गठबंधन कर विधानसभा में पहुंचने में कामयाब रहे दुष्यंत चौटाला। चुनावों से पहले इनेलो-जजपा में काफी कड़वाहट जनता को देखने व सुनने को मिली। अब चुनाव समाप्त हुआ, सरकार भी बनीं और तब भी विधानसभा सत्र के दूसरे दिन भी चाचा-भतीजे के बीच राजनीतिक दूरियां साफ देखने को मिली। चाचा अभय सिंह जहां भतीजे द्वारा दिए गए लंच में शामिल नहीं हुए, वहीं उन्होंने 11 हजार रुपये मासिक बेरोजगारी भत्ता देने के भतीजे दुष्यंत के चुनावी वादे पर उन्हें घेरने की कोशिश की। राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान इनेलो विधायक अभय सिंह चौटाला की सत्ता पक्ष के विधायकों खासकर महीपाल ढांडा व निर्दलीय विधायक नयनपाल रावत से बहस हुई।

गुमशुदा/अपहृत महिला की तलाश

हरबाई

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक महिला (फोटो में दिखाई गई) जिसका नाम हरबाई **W/o** श्री रतिराम **R/o** 3-4बी, मूल चन्द कॉलोनी, आदर्श नगर, दिल्ली **उम्र** 85 साल जो कि 21.10.2019 से लापता/अपहृत है। इस बाबत **DD No.25A दिनांक 23.10.2019** थाना महेन्द्र पार्क, दिल्ली में दर्ज है। इसका शारीरिक ब्यौरा इस प्रकार है:
रंग: सांवला, **कद:** 5', **चेहरा:** लम्बा, **शरीर:** पतला, जिसने लाल रंग की साड़ी और हवाई चप्पल पहने थी
अगर किसी व्यक्ति को इस लापता/अपहृत महिला के बारे में कोई जानकारी/सूचना मिले तो थानाध्यक्ष महेन्द्र पार्क, दिल्ली को ई-मेल: cic@cbi.gov.in और वेबसाइट : http://cbi.nic.in पर सूचित करने की कृपा करें।
फोन नं.: 011-24368638, 24368641 — हस्ता/-
फैक्स नं.: 011-24368639 — थानाध्यक्ष: महेन्द्र पार्क, दिल्ली
DP/9505/NW/19 — फोन: 011-27632501, 27632502

खबर संक्षेप

योगी ने चाणक्य से की शाह की तुलना

लखनऊ। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि भाजपा अध्यक्ष अमित शाह पर आदि शंकराचार्य, चाणक्य, सावरकर व मोदी की छाप है व जिस तरह भारत की गुलामी का कारण बने नंद वंश को उखाड़ने का संकल्प चाणक्य ने लिया था कांग्रेस मुक्त भारत बनाने का संकल्प शाह ने लिया है।

झारखंड विस चुनाव के लिए प्रत्याशियों के नाम पर आज विचार करेगी कांग्रेस

नई दिल्ली। झारखंड में विधानसभा चुनाव की तैयारियों के तहत कांग्रेस ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) सहित अन्य विपक्षी दलों से चुनावी मेल के लिये सभी विकल्प खुले रखते हुए उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया तेज़ कर दी है। बुधवार को कांग्रेस की प्रदेश इकाई संग स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में उम्मीदवारों के नामों पर विचार होगा। कांग्रेस की झारखंड इकाई के प्रभारी आरपीएन सिंह ने विपक्षी दलों संग संभावित गठबंधन के मुद्दे पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर उरांव, आलमगीर आलम के साथ बैठक की।

यौन उत्पीड़न के आरोप में भाजपा नेता पर मामला दर्ज

मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर में भाजपा की महिला कार्यकर्ता के कथित रूप से यौन उत्पीड़न करने के सिलसिले में पार्टी के एक नेता पर मामला दर्ज किया गया है। मंगलवार को क्षेत्राधिकारी कुशल पाल सिंह ने बताया कि घटना सोमवार को हुई जिसके बाद भाजपा मंडल उपाध्यक्ष आशीष जैन के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया। पीड़िता पार्टी की महिला मोर्चा की कार्यकर्ता है।

पीएफ के 2,600 करोड़ रुपये का डीएचएफएल में निवेश करने पर हुई कार्रवाई

उप्र पावर कॉर्पोरेशन के पूर्व प्रबंध निदेशक दबोचे

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

- मामले में दो अफसर पहले ही हो चुके हैं गिरफ्तार
- मामले की सीबीआई से जांच कराने की गई सिफारिश

ऊर्जा विभाग के कर्मचारियों की भविष्यनिधि के गलत तरीके से निवेश के मामले में यूपी पावर कॉर्पोरेशन के पूर्व प्रबंध निदेशक एपी मिश्रा को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह ने बताया कि गिरफ्तारी ऊर्जा विभाग में कर्मचारी भविष्य निधि के करीब 2,600 करोड़ रुपये का गलत तरीके से निजी संस्था डीएचएफएल में निवेश किए जाने के मामले में हुई है। उल्लेखनीय है कि यूपी पावर कॉर्पोरेशन के कर्मचारियों की भविष्यनिधि के 2,631 करोड़ों रुपये का अनियमित तरीके से डीएचएफएल में निवेश किए जाने के मामले में गत शनिवार को सीपीएफ ट्रस्ट और जीपीएफ ट्रस्ट के तत्कालीन सचिव पी के गुप्ता और तत्कालीन निदेशक (वित्त) सुधांशु द्विवेदी के खिलाफ मामला दर्ज कर इन दोनों को भी गिरफ्तार किया जा चुका है। सरकार ने मामले की सीबीआई से जांच कराने की सिफारिश की है। सीबीआई द्वारा जांच अपने हाथ में लिए जाने से पहले मामले की जांच आर्थिक अपराध शाखा को दी गई है।

दो साल से क्यों चुप थी योगी सरकार: प्रियंका

पीएफ घोटाले पर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने योगी सरकार पर निशाना साधा। प्रियंका ने कहा कि 'एक खबर के अनुसार

बीजेपी सरकार बनने के बाद 24 मार्च 2017 को पॉवर कोर्पोरेशन के कर्मियों का पैसा डिफॉल्टर कंपनी डीएचएफएल में लगा। सवाल ये है कि बीजेपी सरकार दो साल तक चुप क्यों बैठी रही? कर्मचारियों को बताएं कि उनकी गाढ़ी कमाई कैसे मिलेगी?' प्रियंका गांधी वाड्रा ने योगी सरकार से पूछा कि और किन-किन विभागों का पैसा डिफॉल्टर कंपनियों में लगा है? सारी चीजें अभी सामने लाइए। जवाब तो देना ही होगा, मेहनत की गाढ़ी कमाई का सवाल है।

सीएम योगी ने ट्वीट कर अखिलेश से पूछा, ये रिश्ता क्या कहलाता है?

घोटाले में एमडी एपी मिश्रा को हिरासत में लिये जाने के बाद से ही सीएम के ट्विटर हैंडिल, सपा समर्थकों की ओर से एक दूसरे पर सियासी तीर चलाए जाने लगे। सीएम की ओर से कहा गया भ्रष्टाचार के रक्तबीज पर सीएम योगी की 'जीरो टॉलरेन्स तलवार' के वार से भ्रष्टाचारी त्राहिमाम कर रहे हैं। यूपीपीसीएल के पूर्व एमडी जो अखिलेश यादव के नयन तारे थे, इन्हें तीन बार सेवा विस्तार मिला था हिरासत में लिए गए हैं। अंत में तंज करते हुए पूछा...तो भाई अखिलेश बाबू, ये रिश्ता क्या कहलाता है?

पीएफ घोटाले के लिए योगी सरकार जिम्मेदार, सीएम दें इस्तीफा: अखिलेश

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बिजली विभाग के कर्मचारियों की भविष्यनिधि का गलत तरीके से निवेश कराए जाने के आरोपों पर पलटवार करते हुए मंगलवार को कहा कि इस घोटाले के लिए सिर्फ प्रदेश की भाजपा सरकार ही जिम्मेदार है, इसके लिए सीएम योगी आदित्यनाथ को इस्तीफा दे देना चाहिए। पूर्व सीएम अखिलेश ने घोटाले का दरवाजा अपनी सरकार में खोले जाने के ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा के आरोप का जवाब देते हुए कहा कि सपा के शासनकाल में कर्मचारियों की भविष्य निधि का एक भी पैसा डीएचएफएल में निवेश नहीं किया गया। जिस समय डीएचएफएल मैं पैसा निवेश किया गया उस वक्त प्रदेश में सपा की सरकार नहीं थी। इस घोटाले के मामले में जो मुकदमा दर्ज हुआ है उसमें भी यही बात लिखी है। सपा सरकार के समय में एक भी पैसा डीएचएफएल को नहीं दिया गया।

- सपा ने पीएफ का एक भी पैसा डीएचएफएल में नहीं किया निवेश

शर्मा को हटाने से नहीं चलेगा काम

सपा अध्यक्ष ने कहा कि इस घोटाले के लिए सिर्फ प्रदेश की भाजपा सरकार और खुद सीएम योगी दोषी हैं। उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। सीएम चाहते होंगे कि ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा को हटा दिया जाए, मैं इसीलिए सीएम का इस्तीफा मांग रहा हूं।

सुप्रीम कोर्ट के सेवारत जज से करवाएं जांच

अखिलेश ने कहा कि मामले की जांच हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट के किसी सेवारत जज से कराई जाए। जब तक जांच नहीं होगी तब तक सच्चाई बाहर नहीं आ सकती है क्योंकि सरकार ने सच्चाई को छुपाने के लिए जल्दबाजी में सीबीआई जांच की सिफारिश की है। अखिलेश ने मामले में बिजली विभाग के सभी जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि अगर वह अफसर अपने पद पर बैठे रहेंगे तो निष्पक्ष जांच संभव नहीं है।

सीएम के साथ नहीं हैं बहुत विधायक

अखिलेश ने दावा किया कि योगी सरकार अपने अंदर चल रही लड़ाई को छुपाना चाहती है। आज अगर सत्ताधारी दल के विधायकों को खड़ा करके पूछ लिया जाए कि वह किसके साथ हैं तो 300 से ज्यादा ऐसे निकलेंगे जो मुख्यमंत्री को नहीं चाहते।

योगी के तेवर सख्त, यूपी पावर कॉर्पोरेशन की एमडी को हटाया

सीएम योगी आदित्यनाथ ने सोमवार देर रात सख्त तेवर अपनाते हुए यूपी पावर कॉर्पोरेशन की एमडी, सचिव ऊर्जा अपर्णा यू को हटा दिया। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटे आईएएस एम. देवराज को यूपी पावर कारपोरेशन का नया एमडी बनाया गया है। अपर्णा यू के पास यूपी जल विद्युत उत्पादन कॉर्पोरेशन के एमडी का भी चार्ज था। उन्हें इस पद से भी हटा दिया गया है। इसका चार्ज भी एम. देवराज को सौंपा है। अपर्णा को सचिव सिंचाई एवं जल संसाधन बनाया गया है। सियासी गलियारों में चर्चा है कि घोटाले में जल्द यूपी पावर कारपोरेशन के चेयरमैन व प्रमुख सचिव ऊर्जा आलोक कुमार भी हटाए जा सकते हैं।

अखिलेश के आरोपों पर बोले शर्मा- उल्टा चोर कोतवाल को डांटे

पीएफ का पैसा डीएचएफएल कंपनी में निवेश करने के केस में अखिलेश के आरोपों पर ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा ने कहा कि आरोप तथ्यों से परे हैं। अखिलेश सरकार में 21 अप्रैल 2014 को फैसला हुआ था। 17 मार्च 2017 को डीएचएफएल में पहला निवेश हुआ। पीएफ का पैसा कहां जमा होगा ये ट्रस्ट तय करता है। ऊर्जा मंत्री की ट्रस्ट में भूमिका नहीं होती है। मामला संज्ञान में आते ही विजिलेंस जांच कराकर प्रथम दृष्टया दोषियों को जेल भेजा गया, सीबीआई जांच कराने की संस्तुति की है। घोटाले की पटकथा लिखने वाले पूर्व, मौजूदा लोगों पर कार्रवाई होगी। हर घर बिजली पहुंचने से अखिलेश बौखला गए हैं। अखिलेश उल्टा चोर कोतवाल को डांटे की कहावत को चरितार्थ कर रहे हैं।

दो भाजपा नेताओं पर पीड़िता से छीनी गई पेन ड्राइव मिली

स्वामी से मामला निपटाने के लिए दोनों ने मांगे सवा करोड़ रुपए

एजेंसी ▶▶ शाहजहांपुर

- जांच पूरी, कोर्ट में आरोपपत्र आज दाखिल करेगी एसआईटी
- पीड़िता की पेनड्राइव को भाजपा नेताओं डीपीएस राठौर, अजीत सिंह ने लैपटॉप में डालकर देखा भी था, फिर कर दी डिलीट
- चिन्मयानंद का मालिश करते हुए वीडियो बनाने वाला चश्मा पीड़िता, संजय ने गायब किया

पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री स्वामी चिन्मयानंद के मामले में विशेष जांच दल (एसआईटी) ने दो भाजपा के नेताओं को आरोपी बनाते हुए जांच पूरी कर ली है। एसआईटी प्रमुख नवीन अरोड़ा ने मंगलवार को बताया कि स्वामी चिन्मयानंद मामले में जांच पूरी हो गई है। बुधवार को वह अदालत में आरोपपत्र दाखिल करेंगे।

मामले में पीड़िता से दौसा में छीनी गई पेन ड्राइव भाजपा नेता डीपीएस राठौर, अन्य भाजपा नेता अजीत सिंह के पास से बरामद हो गई है। दौसा राजस्थान में पीड़िता के पास से पेनड्राइव इन नेताओं ने छीन ली व उसको अपने लैपटॉप में डालकर देखा। उसके बाद लैपटॉप से डिलीट कर दी तथा स्वामी चिन्मयानंद से मामला निपटाने के लिए सवा करोड़ रुपये मांगे। इसी मामले में दोनों नेताओं के खिलाफ जांच हो रही है। इसी के साथ स्वामी चिन्मयानंद की ओर से दर्ज कराए गए रंगदारी मामले में अब आरोपियों की संख्या बढ़कर छह हो गई है। मामले में पीड़िता के अलावा संजय, विक्रम, सचिन पहले से ही जेल में बंद हैं। जांच में पाया कि छात्रा छात्रावास के कमरे में ताला स्वयं लगाती थी जबकि जबकि पीड़िता ने आरोप लगाया था कि उसकी अनुपस्थिति में कॉलेज प्रशासन ने ताला खोलकर महत्वपूर्ण साक्ष्य चश्मा आदि गायब कर दिए हैं। जांच में ऐसा नहीं पाया गया क्योंकि संजय ने पीड़िता के साथ दिल्ली जाने से पूर्व ही पीड़िता के कमरे का सारा सामान राहुल नामक व्यक्ति के घर पर बक्से में बंद करके रख दिया था।

आईजी ने बताया कि एसआईटी जांच और लोगों की गिरफ्तारी से संजय की मामी घबरा गई व उन्होंने बक्से का सारा सामान पास में ही बहने वाले नाले में डाल दिया। इसकी जानकारी जैसे ही एसआईटी को मिली तो उन्होंने नाले की सफाई करा कर बक्से के सामान को अपने कब्जे में ले लिया परंतु नाले से चश्मा बरामद नहीं हो सका। अरोड़ा ने कहा कि स्वामी चिन्मयानंद का मालिश करते हुए जो वीडियो पीड़िता ने चश्मे के द्वारा बनाया था वह चश्मा संजय और पीड़िता ने ही कहीं गायब किया है।

छात्रा ने वीडियो वायरल कर स्वामी पर जड़े थे आरोप

उल्लेखनीय है कि 24 अगस्त को स्वामी शुकदेवानंद विधि महाविद्यालय में पढ़ने वाली एलएलएम की छात्रा ने वीडियो वायरल करके चिन्मयानंद पर गंभीर आरोप लगाए थे। इसके बाद से पीड़िता लापता हो गई थी। तब पीड़िता के पिता ने शहर कोतवाली में स्वामी चिन्मयानंद पर मामला दर्ज कराया था पर इससे पूर्व स्वामी चिन्मयानंद के अधिवक्ता ओम सिंह ने अज्ञात मोबाइल नंबर पर पांच करोड रुपए रंगदारी मांगने का मामला दर्ज करा दिया था।

कोर्ट में पेश किए गए दोनों भाजपा नेता

पीड़िता को स्थानीय पुलिस ने राजस्थान के दौसा से बरामद किया। तभी न्यायालय ने मामले पर संज्ञान लेते हुए पीड़िता को उसके समक्ष पेश करने का आदेश दिया। यूपी सरकार को इस पूरे मामले की जांच एसआईटी से कराने का दिया। एसआईटी ने दो माह से चल रही जांच में स्वामी चिन्मयानंद के अलावा रंगदारी मांगने के आरोप में पीड़िता समेत संजय, विक्रम व सचिन को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। वहीं भाजपा के दो नेताओं को भी रंगदारी मांगने के आरोप में अदालत में पेश किया है।

राशिफल 06 नवंबर 2019

डॉ. प्रेम कुमार शर्मा
ज्योतिषी, हस्तरेखा, न्यूमेरोलॉजिस्ट और वास्तु सलाहकार
Email: psharma@premastrologer.com
Ph. 01147033152/40532026 Saket New Delhi-17

मेष : किसी करीबी की स्थिति में सुधार होगा। धन लाभ के संकेत हैं। आपके प्रयासों के चलते कोई अधूरा प्रोजेक्ट वापिस शुरु होगा। वैवाहिक जीवन में मतभेद हो सकते हैं। **शुभ अंक**: 15, **रंग** : लेवेंडर।

वृष: सेहत के लिहाज से दिन अच्छा है। जल्द लोन चुकाने की कोशिश करेंगे। नौकरी बदलने से पहले सभी पहलूओं को अच्छे से समझ लें। परिवार में कोई खुशखबरी मिल सकती है। **शुभ अंक**: 1, **रंग**: मरुन।

मिथुन: आर्थिक मामलों को अच्छे से संभालेंगे। कार्यक्षेत्र पर आपके नए विचारों का सभी स्वागत करेंगे। परिवार के किसी सदस्य की सफलता पर गर्व महसूस करेंगे। **शुभ अंक** : 9, **रंग**: चॉकलेट।

कर्क: योग, व्यायाम कर रहे लोग लाभ महसूस करेंगे। पैसे की अहमियत करना सीखें। कार्यक्षेत्र पर अपने प्रयासों से सभी को प्रभावित करेंगे। नई जगह यात्रा पर जाने के योग हैं। **शुभ अंक**: 6, **रंग**: लेवेंडर।

सिंह: सेहत पर सतर्क रहेंगे। धन संबंधित मामलों में लापरवाही से बचें। कार्यक्षेत्र पर काम को लेकर सावधानी बरतें। परिवार के किसी सदस्य को लेकर उम्मीद करना बेकार रहेगा। **शुभ अंक**: 11, **रंग**: बेबी पिंक।

कन्या: खानपान में बदलाव के चलते फिट, ऊर्जावान महसूस करेंगे। कार्यक्षेत्र पर नेतृत्व क्षमता से असंभव को संभव कर पाएंगे। आपके लिए आपका परिवार सबसे पहले हैं। **शुभ अंक**: 18, **रंग**: रोजी पिंक।

तुला: सेहत को लेकर सतर्क रहने की जरूरत है। धन संबंधित मामलों को लेकर सतर्क रहें। शेयर मार्केट से जुड़े लोगों के लिए दिन लाभदायक रहेगा। साथी के करीब महसूस करेंगे। **शुभ अंक**: 7, **रंग** : बेज।

वृश्चिक: सेहत के लिहाज से दिन अच्छा रहेगा। आसानी से लोन चुकाने में कामियाब होंगे। काम को समय सीमा रहते कर पाना थोड़ा मुश्किल होगा। प्रॉपर्टी की डील हाथ लग सकती है। **शुभ अंक**: 11, **रंग** : वॉयलेट।

धनु: सेहत को लेकर किसी दोस्त की सलाह आपके काफी काम आएगी। धन संबंधित समस्या से बचने के लिए फिजूलखर्चों को कम करें। नौकरी में स्थिरता आएगी। **शुभ अंक** : 15, **रंग**: पीला।

मकर: सेहतमंद रहने के लिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं। धन संबंधित मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र पर चीजें आपके हिसाब से होंगी। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं। **शुभ अंक** : 3, **रंग**: पीच।

कुंभ : आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए पैसों की बचत करने की कोशिश करें। काम से सभी को प्रभावित करने में सफल होंगे। गृहणियां घर व्यवस्थित करने में दिन बिताएंगी। **शुभ अंक** : 8, **रंग**: डार्क ग्रे।

मीन: सेहत को लेकर सावधानी बरतें। अलग से कमाई करना आपको वित्तीय स्वतंत्रता प्रदान करेगा। कार्यक्षेत्र पर क्षमता निखारने का मौका मिलेगा। परिवार का पूरा सहयोग मिलेगा। **शुभ अंक** : 5, **रंग** : पर्पल।

: टिप्स :

1. घर के प्रवेश क्षेत्र को आकर्षक बना कर रखें। इससे घर में ची का आगमन होता है व आकर्षण बढ़ने के साथ ही घर में समृद्धि और खुशहाली आती है।
2. दो फीट लम्बा लाल रंग का फीता लेकर गद्दे के नीचे रखें। यह आपको एक दूसरे से बांधे रखेगा और भाग्य में वृद्धि करेगा।
2. लाल कपड़ा गुल्लक या धन वाले बक्से के उपर बांधे। लाल रंग भाग्य और समृद्धि का रंग माना जाता है, इससे आपके धन में वृद्धि होगी।

टिप्स : मनीषा कौशिक, ज्योतिषि, टैरो कार्ड
Contact: +91-11-26449898, 26489899

चिराग की लोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर हुई ताजपोशी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान के बेटे चिराग पासवान 'लोक जनशक्ति पार्टी' के राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गए हैं। बिहार की जमुई सीट से सांसद चिराग पासवान की ताजपोशी पिता रामविलास पासवान की मौजूदगी में दिल्ली में हुई। मंगलवार को दिल्ली में पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक हुई, जिसके बाद चिराग को लोजपा अध्यक्ष चुना गया। इस मौके पर चिराग पासवान ने कहा कि रामविलास पासवान राजनीति में सक्रिय रहेंगे और मैं उनका मार्गदर्शन लेता रहूंगा। उन्होंने कहा कि आज कई राज्यों में हमारी गठबंधन सरकारें हैं। केंद्र में हमारी गठबंधन सरकार है। चुनाव में हमारा शत प्रतिशत प्रदर्शन रहा।

संगठन में नहीं होगा बदलाव

उपचुनाव का जिक्र करते हुए चिराग पासवान ने कहा कि उपचुनाव में एनडीए का प्रदर्शन उतना अच्छा नहीं रहा फिर भी एलजेपी को जीत मिली, प्रिंस राज चुनाव जीते। पार्टी की विचारधारा से कभी समझौता नहीं किया गया है व मैं आगे लोजपा को नई ऊंचाइयों तक लेकर जाऊंगा। चिराग ने संगठन के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि इसमें ज्यादा फेरबदल नहीं होगा।

सहरसा में पूर्व प्रमुख व जदयू नेता की हत्या

सहरसा। बिहार के सहरसा में बिहरा थाना क्षेत्र के पटोरी बाजार नवहट्टा मोड़ पर मंगलवार की शाम बेखौफ अपराधियों ने गोली मारकर पूर्व प्रमुख विनोद कुमार चौरसिया की हत्या कर दी। पूर्व प्रमुख सह जदयू के प्रखंड अध्यक्ष विनोद अपनी कार से घर से पटोरी बाजार होते नवहट्टा मोड़ होकर पटोरी-नवहट्टा रोड में जा रहे थे। शाम करीब पौने चार बजे दो बाइक पर सवार चार से अधिक अपराधियों ने पूर्व प्रमुख पर गोलियों की बौछार कर दी। छाती, माथा तथा कनपट्टी में पांच-छह गोली मारी। जिससे पूर्व प्रमुख की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। लेकिन, स्थानीय लोग उसे सहरसा की ओर लेकर भागे। बगल वाली सीट पर उनके साले डॉ. निलेश कुमार भी बैठे थे। अपराधियों द्वारा चलाई गई ताबड़तोड़ गोलियों से बचने के क्रम में एक गोली उनके हाथ में भी लगी। जिससे वे जख्मी है।

'खादी वस्त्रों को अब करेंगे प्रमोट'

एजेंसी ▶▶ पटना

- देश के पहले सबसे बड़े खादी मॉल का उद्घाटन कर सीएम बोले, मिलेंगे हर उम्र के लोगों के वस्त्र

सीएम नीतीश कुमार ने मंगलवार को देश के पहले, सबसे बड़े खादी मॉल का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मॉल के माध्यम से खादी वस्त्रों को प्रोमोट किया जाएगा। सभी उम्र के लोगों के लिए यहां खादी वस्त्र उपलब्ध हैं। लोग यहां के सामानों को पसंद करेंगे व इसकी खरीदारी करेंगे। मुझे पूरी उम्मीद है। मुख्यमंत्री ने टच स्क्रीन के माध्यम से गांधी मैदान के पूर्वी छोर पर नवनिर्मित मॉल के विभिन्न तलों पर स्थित सामानों की विवरणी को भी लोकार्पित किया। इसके बाद कहा कि यह मॉल काफी उपयोगी है, जो बहुत ही लोकप्रिय होगा। हमने यहां के सामानों को देखा व कुछ सुझाव भी दिए हैं। खादी वस्त्र के अलावा प्रतिदिन के उपयोगी सामान भी यहां उपलब्ध हैं। मशीनों द्वारा निर्मित वस्त्र के साथ-साथ हाथ से बने सामान भी उपलब्ध हैं। यहां उपलब्ध सामानों की क्वालिटी भी अच्छी है। इसका नाम खादी मॉल है, लेकिन यह अपने आप में विशिष्ट है। यहां बाद में नए उत्पादों को शामिल किया जाएगा। यहां हैंडलूम को भी प्रमोट किया जाएगा। उन्होंने मॉल में स्थित बापू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्घा अर्पित की। मॉल के कई तलों पर खादी निर्मित वस्त्र, हैंडिक्राफ्ट व मधुबनी पेंटिंग्स को उन्होंने देखा। सौंदर्य प्रसाधनों, खाद्य उत्पाद, ग्रामोद्योग उत्पाद व अन्य उपयोगी सामग्रियों का भी अवलोकन किया।

ट्रक ने ऑटोरिक्शा को टक्कर मारी, पांच लोगों की मौत, तीन घायल

मुजफ्फरपुर। बिहार में मुजफ्फरपुर के अहियापुर थाना क्षेत्र में बीती देर रात ट्रक ने ऑटोरिक्शा को टक्कर मार दी जिससे ऑटोरिक्शा में सवार पांच लोगों की मौत हो गई व तीन घायल हो गए। घटनास्थल पहुंचे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि ऑटोरिक्शा में सवार लोग, हैदराबाद से आई ट्रेन से उतरकर अपने गांव जा रहे थे। मृतकों में ऑटोरिक्शा चालक शामिल है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए, घायलों को इलाज के लिए श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया है।

धुरी यादव की गोली मारकर हत्या

एजेंसी ▶▶ भागलपुर

भागलपुर में काली महारानी केंद्रीय पूजा समिति के महासचिव, दबंग छवि वाले चिरंजीवी यादव उर्फ धुरी यादव की घर से कुछ दूरी पर ही बदमाशों ने तीन गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना के समय धुरी यादव घर से बाइक पर सवार होकर अजय सिंह के संग आदर्शनगर कॉलोनी की ओर जा रहे थे। घात लगाए तीन बदमाशों ने करीब से सिर, सीने व कमर के पास गोली मारी। परिवार वाले मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले गए। जहां पर डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

अजय सिंह ने सिटी डीएसपी को पूछताछ में बताया कि शाम करीब सवा छह बजे वह धुरी के साथ चंदा लेने जा रहे थे। वाजिद अली लेन के पास बाइक से उतरते ही गली से महिला आ रही थी।

हत्या के बाद बवाल, भीड़ ने पुलिस जीप को फूंक डाला

बेतिया। जिले के बैरिया थाना क्षेत्र के खिरिया घाट में युवक की गोली मार कर हत्या के बाद आक्रोशित लोग सड़क पर उतर आए, जमकर बवाल मचाया व पुलिस वाहन को भी फूंक डाला। साथ ही आरोपित के घर भी हमला बोल कर आगजनी की। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद हालात पर काबू पा लिया है। पश्चिमी चंपारण जिले के बैरिया थाना क्षेत्र के खिरिया घाट में युवक की गोली मार कर हत्या के बाद लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। उग्र भीड़ ने जमकर बवाल मचाया।

हम सीमा के अंदर से कर सकते हैं दुश्मन का सर्वनाश: नड्डा

एजेंसी ▶▶ पटना

- दरभंगा में बनेगा एम्स

बिहार भाजपा के संस्थापक प्रदेश अध्यक्ष कैलाशपति मिश्र का पुण्यतिथि समारोह मंगलवार को बापू सभागार में आयोजित किया गया।

इसमें भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष जेपी नड्डा, बिहार भाजपा प्रभारी सांसद भूपेन्द्र यादव सहित राज्य के तमाम भाजपा नेता शामिल हुए। समारोह को संबोधित करते नड्डा ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में विकास कर रहा है। रक्षा के क्षेत्र में देश आज काफी मजबूत स्थिति में है। आज हमारे पास 36 राफेल विमान है। आज स्थिति यह है कि अब किसी अभिनंदन को सीमा पार करने जरुरत नहीं होगी। बल्कि हम अपनी सीमा के अंदर से दुश्मन का सर्वनाश कर सकते हैं। यह मिश्र की देन ही है कि आज बिहार बीजेपी इतनी मजबूत है कि पिछले 15 सालों से सरकार में है। प्रदेश और केन्द्र की सरकार बिहार की बेहतरी के लिए मिलकर काम कर रही है। बिहार के दरभंगा में एम्स का निर्माण होगा।

सीएम रावत ने प्रदेशवासियों को हानिकारक प्रभाव बताए

प्लास्टिक मुक्त के लिए दून में मानव श्रृंखला

एजेंसी ▶▶ देहरादून

- 50 किमी लंबी मानव श्रृंखला बनाई गई
- छात्रों समेत करीब एक लाख लोगों ने लिया भाग

उत्तराखंड के सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत ने एकल इस्तेमाल वाले प्लास्टिक से होने वाली हानियों के बारे में जागरूकता पैदा करने के वास्ते मंगलवार को मानव श्रृंखला अभियान में भाग लिया। स्कूल, कॉलेज के विद्यार्थियों, व्यापारियों और बुद्धिजीवियों समेत करीब एक लाख लोगों ने अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लिया, एकल इस्तेमाल वाले प्लास्टिक व पॉलीथीन से छुटकारा पाने की शपथ ली। मियांवाला से शुरू हुई 50 किलोमीटर लंबी मानव श्रृंखला का समापन मसूरी डायवर्जन, जीएमएस रोड व सहारनपुर से गुजरते हुए शहर के बीचोंबीच स्थित घंटाघर पर हुआ। इससे पहले सीएम ने प्रदेशवासियों से एकल इस्तेमाल वाले प्लास्टिक व पॉलीथिन का पर्यावरण, मानव जीवन व पशुओं के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले हानिकारक प्रभावों के मद्देनजर उनका इस्तेमाल नहीं करने की अपील की थी। मानव, जानवरों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले हानिकारक प्रभावों के अलावा एकल इस्तेमाल वाले प्लास्टिक व पॉलीथिन से नालियां जाम हो जाती हैं जिससे बरसात में जलभराव की स्थिति पैदा होने के साथ ही तमाम अन्य समस्यायें भी पैदा हो जाती हैं। समाज के व्यापक हित में सभी को इनका इस्तेमाल न करने का संकल्प लेना चाहिए।